# किस्मत भीलवाड़ा



**आवश्यकता है**

राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/ पुरूष संवाददाताओं की आवश्यकता है।

संपर्क करें

दैनिक किस्मत भीलवाड़ा
आर.के. कॉलोनी, माँ नर्मदा कॉम्पलेक्स भीलवाड़ा
मो. 9214345421, 8233210027, 9828402526, 6376577605



Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 2 अंक -322 | भीलवाड़ा गुरूवार 22 मई 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379


# भारत में 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने 2,000 करोड़ आवंटित

## पीएम ई-ड्राइव के तहत राष्ट्रीय ईवी चार्जिंग ग्रिड के काम में तेजी, कुमारस्वामी ने की समीक्षा

नई दिल्ली

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आज पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यान्वयन की समीक्षा करने और इसमें तेजी लाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। योजना का उद्देश्य स्वच्छ परिवहन को सक्षम बनाने और जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता को कम करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी ईवी-अनुकूल इको-सिस्टम का निर्माण करना है। 2,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ, पीएम ई-ड्राइव योजना देश भर में लगभग 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना का समर्थन करेगी। इन स्टेशनों को 50 राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के साथ-साथ मेट्रो शहरों, टोल प्लाजा, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, ईंधन आउटलेट और राज्य राजमार्गों जैसे सघन यातायात वाले स्थानों पर रणनीतिक रूप से तैनात किया जाएगा।

**बीएचईएल को डिमांड एग्रीगेशन और एकीकृत ईवी सुपर एप के विकास के लिए नोडल एजेंसी माना जाएगा**

प्रमुख शहरों, राजमार्गों, हवाई अड्डों और औद्योगिक गलियारों को कवर करने के लिए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर



### पीएम ई-ड्राइव योजना एक परिवर्तनकारी पहल

कुमारस्वामी ने कहा, पीएम ई-ड्राइव योजना एक परिवर्तनकारी पहल है, हम केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर ही नहीं बना रहे हैं, बल्कि हम ऊर्जा सुरक्षा और हरित आर्थिक विकास की नींव भी रख रहे हैं। बीएचईएल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) को डिमांड एग्रीगेशन और एकीकृत डिजिटल सुपर ऐप के विकास के लिए नोडल एजेंसी के रूप में माना जा रहा है, जो पूरे भारत में ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए एकल मंच के रूप में काम करेगा। ऐप में पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर तैनाती को ट्रैक करने के लिए रियल-टाइम स्लॉट बुकिंग, भुगतान एकीकरण, चार्जर उपलब्धता की स्थिति और प्रगति डैशबोर्ड की सुविधा होगी। चार्जर स्थापना के प्रस्तावों को संकलित करने और उनका मूल्यांकन करने के लिए बीएचईएल राज्यों और मंत्रालयों के साथ समन्वय भी करेगा।

## खबर संक्षेप

### गुजरात में 5 वर्ष में शेरों की संख्या 217 बढ़ी



**अहमदाबाद।** गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में बीते पांच वर्षों में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई 2024 में गणना के अनुसार अब राज्य में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो कि 2020 में 674 थी। यानी शेरों की संख्या में 217 का इजाफा हुआ है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया शेर 11 जिलों में फैले हैं।

### गाजीपुर में करंट लगने से 4 मरे और 3 गंभीर



**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में बुधवार को करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सपा के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के लिए जिम्मेदार बिजली कर्मियों को बर्खास्त करने और मृतकों के परिजनों तथा घायलों को मुआवजा देने की मांग की है।

### विजयपुरा जिले में सड़क दुर्घटना में 6 की मौत



**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में बुधवार की सुबह दो 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' और एक निजी बस के बीच हुई सड़क दुर्घटना में 6लोगों की मौत हो गई। सोलापुर की ओर जा रही एक महिंद्रा एसयूवी-300 अनियंत्रित होकर सड़क का डिवाइडर पार कर गई और मुंबई से बल्लारी आ रही एक निजी बस से टकरा गई।

### मजदूरों से भरा टेंपो पलटा, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** द्वारका में बुधवार दोपहर सड़क दुर्घटना में दो बच्चों सहित तीन की मौत हो गई। हादसे में करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। पुलिस के अनुसार द्वारका सेक्टर-9 से द्वारका सेक्टर 20-21 की ओर जाने वाली सड़क पर दोपहर 3:54 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। इसके बाद दोपहर 3:58 बजे एक और कॉल प्राप्त हुई जिसमें द्वारका एक्सप्रेसवे पर गुड़गांव की ओर सेक्टर 23 फ्लाईओवर के पास एक दुर्घटना की सूचना दी गई।

### मुर्शिदाबाद हिंसा रिपोर्ट को लेकर टीएमसी पर बरसी भाजपा, बोले सुधांशु

# हिंदू विरोधी सरकार की क्रूरता वीभत्स रूप में दिखाई, पानी रोका, चुनिंदा घरों में आग लगाई



एजेंसी नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुए दंगों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। इसके बाद भाजपा ने टीएमसी पर आरोपों की झड़ी लगा दी है। पार्टी ने उस पर चौतरफा हमला बोल दिया है। टीएमसी की कलई तो कोलकाता हाईकोर्ट ने खोल ही दी है। इस बीच भाजपा ने विपक्ष के धर्मनिरपेक्ष होने का चोला भी सामने ला दिया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि टीएमसी सरकार की हिंदू विरोधी क्रूरता अपने पूरे वीभत्स रूप में सामने आ गई है। दरअसल वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में बीते अप्रैल में हिंसा हुई थी। जिसमें 3 लोगों की जान चली गई थी।रिपोर्ट के आने के बाद त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। इसमें तीन सदस्य थे। उन्होंने 11 अप्रैल 2025 को हुई घटनाओं पर रिपोर्ट दिया है, जिससे टीएमसी, इंडिया गठबंधन और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के स्वयं नायकों का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है।

**विपक्ष** का धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा उतरा

#### हाईकोर्ट की रिपोर्ट में पूरी सच्चाई उजागर

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय देश में जिस तरह से एक खास तरह की राजनीति चल रही है, उससे ऐसा लगता है कि कुछ लोग देश की आंतरिक सुरक्षा और ढांचे को नष्ट करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार नजर आती हैं। ऐसी स्थिति कई बार पश्चिम बंगाल में देखा जा चुका है। आज कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी की रिपोर्ट आने के बाद पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार की हिंदू विरोधी क्रूरता अपने पूरे वीभत्स रूप में उजागर हो गई है।

#### कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा किया



#### उच्च न्यायालय की समिति में ये थे शामिल

हाईकोर्ट ने एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार (कानून) जोगिंदर सिंह, पश्चिम बंगाल विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सत्य अर्णब घोषाल और पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा के रजिस्ट्रार सौगत चक्रवर्ती शामिल थे। जांच टीम ने 17 मई को कलकत्ता हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। रिपोर्ट में बताया गया कि हिंसा के दौरान इलाके में रह रहे हिंदुओं को निशाना बनाया गया। इतना ही नहीं इस हिंसा में टीएमसी का एक नेता भी शामिल था। इस रिपोर्ट में बताया गया कि बेटबोना गांव में 113 घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया गया।

**स्थानीय पार्षद की तरफ से निर्देशित किए गए थे हमले, पुलिस थी मूकदर्शक**

रिपोर्ट में कहा गया कि हमले स्थानीय पार्षद से निर्देशित किए गए थे और पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए स्थायी बीएसएफ कैंप और केंद्रीय सशस्त्र बल चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोई जवाब नहीं दिया।

#### हिंदुओं को खिलाफ अत्याचार सबने देखा

त्रिवेदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के संबंध में हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त समिति की एसआईटी रिपोर्ट के बाद टीएमसी सरकार के तहत किए गए हिंदू विरोधी अत्याचार स्पष्ट रूप से सामने आ गए हैं। तीन सदस्यों में से एक मानवाधिकार अधिकारी और दो बंगाल की न्यायिक सेवा से थे। उन्होंने रिपोर्ट दिया है, जिससे टीएमसी, इंडिया गठबंधन और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के स्वयं नायकों का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है। पाकिस्तान के साथ युद्ध क्यों? सवाल करने वालों ने मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है। पिता और पुत्र हरगोविंद दास और चंदन दास की क्रूर हत्या के बारे में एक भी शब्द नहीं कहा गया है। फिर भी, इन्हीं लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। इसमें विपक्ष अब तक चुप रहा।

#### महिलाओं और बच्चों के कपड़ों में तेल डालकर लगाई थी आग

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बदमाशों ने पानी का कनेक्शन काट दिया ताकि आग को पानी से न बुझाया जा सके। इसमें कहा गया है कि बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढंकने के लिए कपड़े नहीं थे।

**संबित पात्रा ने भी राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया**



#### हिंदुओं से नफरत करती है बंगाल सरकार मुस्लिम होते तो आंदोलन करतीं ममता

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने ममता पर यह तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी 'हिंदुओं से नफरत' करती हैं। पात्रा ने ममता पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर 'मुस्लिम भाइयों' के साथ ऐसा होता तो ममता बनर्जी जरूर आंदोलन करतीं और धरना देतीं।

### कहा, बीबीएमबी के पुनर्गठन की मांग नीति आयोग के समक्ष उठाई जाएगी

# बीबीएमबी केंद्र की कठपुतली बनी, पंजाब के पास अतिरिक्त पानी नहीं: भगवंत मान

- पंजाब का बीबीएमबी के पास लगभग 142 करोड़ रुपए बकाया: सीएम

नई दिल्ली



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के पुनर्गठन का मुद्दा शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में उठाएगी। पंजाब में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस मुद्दे को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि पानी का स्तर बार-बार बदल रहा है, इसलिए हर जल समझौते की हर 25 साल बाद समीक्षा की जानी चाहिए।

मान ने कहा कि जिस तरह से बीबीएमबी राज्य के पानी के जायज हिस्से को छीनने के लिए एक पक्ष बन गया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने इस साल मार्च में अपने हिस्से का पानी खत्म कर दिया था, लेकिन बीबीएमबी ने केंद्र और हरियाणा सरकार की कठपुतली की तरह काम किया ताकि राज्य का पानी छीना जा सके। यह वही बीबीएमबी है, जिसने अपने महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए पंजाब से 32 करोड़ रुपये लिए थे और यह पैसा कभी भी राज्य को वापस नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पंजाब का बीबीएमबी के पास लगभग 150 करोड़ रुपए (सही मायने में 142 करोड़ रुपए) बकाया हैं और राज्य सरकार जल्द ही इस पैसे की वसूली के लिए दावा करेगी।

#### एक बूंद पानी चोरी नहीं करने दिया


मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 20 दिनों तक राज्य के मेहनती और जागरूक लोगों ने हरियाणा और केंद्र को पंजाब से एक भी बूंद पानी चोरी नहीं करने दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतलुज नदी पहले ही सूख चुकी है और इसमें से एक बूंद भी पानी साझा करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसके बजाय गंगा और यमुना का पानी सतलुज नदी के माध्यम से पंजाब को आपूर्ति किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में पानी की कमी की चिंताजनक स्थिति के मद्देनजर यह एकमात्र व्यवहार्य विकल्प है, जिस पर विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल में छोटा होने के बावजूद हरियाणा को पंजाब से अधिक पानी मिल रहा है और दुख की बात यह है कि वह पंजाब के हिस्से के पानी की मांग कर रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अगर हमारे अपने खेत सूखे हैं तो हम हरियाणा को पानी कैसे दे सकते हैं।

### भाजपा ने इसे सेना का अपमान बताया और कहा- सैन्य अभियान की गंभीरता को कम किया

# ऑपरेशन सिंदूर को 'स्मॉल वार' कहे जाने पर खड़गे पर भड़की भाजपा

नई दिल्ली







भाजपा सांसद एवं प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को 'स्मॉल वार' कहे जाने पर उनकी कड़ी आलोचना की। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह बयान भारतीय सेना की बहादुरी का अपमान है और सैन्य अभियानों की गंभीरता को कम करता है।

बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने नई दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा। डॉ. त्रिवेदी ने खड़गे के बयान को भारतीय सेना के शौर्य का अपमान बताया और कहा कि इस तरह की बातें न सिर्फ सैन्य अभियानों की अहमियत को कम करती हैं, बल्कि ऑपरेशन में शामिल जवानों की मेहनत और बहादुरी का भी अनादर करती हैं।

त्रिवेदी प्रेस वार्ता के दौरान आगे बोले कि, 'ऑपरेशन सिन्दूर को छोटी घटना कहना न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि ये भारतीय सेना के शौर्य और 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का अपमान है। इससे पहले भी राहुल गांधी ने भारतीय विमान और बाकी मुद्दों पर कई बेबुनियाद बातें की हैं।' त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि खरगे और राहुल गांधी के बयान कोई इत्तेफाक नहीं हैं, बल्कि एक बड़ी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा हैं।

#### बंगाल सरकार पर भी हमला

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने ममता बनर्जी की सरकार पर मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) कानून के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई, उस पर बनी फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट से साफ है कि यह हिंसा हिंदुओं को निशाना बनाकर की गई थी।

### कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका पर विवादित टिप्पणी का मामला

# प्रो.खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त अंतरिम जमानत, 3 सदस्यीय एसआईटी करेगी जांच

जमानत बांड भरें

एजेंसी नई दिल्ली



अली खान महमूदाबाद को महिला सैन्य अफसरों कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने महमूदाबाद को सीजेएम, सोनीपत की संतुष्टि के लिए जमानत बांड भरने को भी कहा है। खान महमूदाबाद को निर्देश दिया है कि वे दोनों पोस्ट से संबंधित कोई भी ऑनलाइन लेख नहीं लिखेंगे या भाषण नहीं देंगे जो जांच का विषय है। कोर्ट ने उन्हें भारतीय धरती पर आतंकवादी हमलों या हमारे राष्ट्र द्वारा दी गई जवाबी प्रतिक्रिया के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से रोक दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। 3 आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी के गठन का भी आदेश दिया है। इसमें एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी जो राज्य से बाहर की होगी। 24 घंटे के भीतर एसआईटी का गठन किया जाए।

#### पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा को भी दी राहत



सुप्रीम कोर्ट ने आईएएस की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी। उन पर परीक्षा में धोखाधड़ी, ओबीसी, दिव्यांगता श्रेणी के तहत आरक्षण का गलत लाभ का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा जांच में सहयोग करें।

### नकद जब्ती मामले में उच्चतम न्यायालय ने की सुनवाई

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की याचिका को कर दिया खारिज

सरकार को रिपोर्ट भेजी

एजेंसी नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से नकदी बरामद होने के मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 मई को शीर्ष अदालत द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अंकित है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश ने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और न्यायाधीश के जवाब को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया है।

#### याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकारियों के समक्ष निराकरण करना होगा

पीठ ने कहा कि आदेश की मांग करने से पहले याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखकर अपनी शिकायत का निवारण करना होगा। इसलिए हम इस रिट याचिका पर विचार करने से इनकार करते हैं। इस स्तर पर अन्य याचिकाओं पर गौर करना आवश्यक नहीं है। आंतरिक जांच समिति द्वारा वर्मा को दोषी ठहराए जाने के बाद पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने का संकेत दिया था। जब न्यायमूर्ति वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया तो खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। विवाद के बीच वर्मा का स्थानांतरण दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय कर दिया गया। अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और तीन अन्य द्वारा दायर याचिका में आपराधिक कार्यवाही तत्काल शुरू करने का अनुरोध किया गया।

### तटीय राज्य गोवा में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा

# आर्थिक विकास युद्ध जैसे हालात में संभव नहीं होगा

एजेंसी पणजी

गोवा की राजधानी पणजी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र, विकसित भारत बने, इसके लिए प्रति व्यक्ति आय में 8गुना वृद्धि आवश्यक है। यह तभी संभव है जब हमारे सीमाओं पर शांति हो। आर्थिक विकास युद्ध जैसे हालातों में नहीं हो सकता। विकास और प्रगति के लिए शांति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आज का भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति और समुद्री शक्ति दोनों के रूप में उभर रहा है, जो शांति, सतत विकास और प्रगति के प्रति प्रतिबद्ध है। हम पहले ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति के रूप में उभर रहे हैं। हमारे समुद्र आज हमारे लिए पहले से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

#### विकास और प्रगति के लिए शांति का होना अत्यावश्यक



**पीएम मोदी काम के प्रति प्रतिबद्ध**

धनखड़ ने कहा कि आज लगभग 300 करोड़ की लागत वाली तीन परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गईं। नरेंद्र मोदी सरकार की एक विशेषता है-वे समर्पण करते हैं, मतलब काम को तेजी से पूरा करते हैं। प्रधानमंत्री का जुनून विकास के लिए है, विकास उनका मिशन है। वे तेज और बड़े पैमाने पर निष्पादन में विश्वास करते हैं। आज जिन परियोजनाओं को समर्पित किया गया है, वे भारत की बदलती छवि को परिभाषित करती हैं।

**ताबूतों ने दिया 'ऑपरेशन सिंदूर' का सबूत**

धनखड़ ने गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी के कार्यक्रम में कहा कि आतंकियों ने खुद ही 'ऑपरेशन सिंदूर' का सबूत पूरी दुनिया को दे दिया है। जिन आतंकियों को इस ऑपरेशन में निशाना बनाया गया, उनके ताबूतों को पाक सेना और आतंकी संगठन खुद ले जा रहे थे।

#### समुद्रों में नियम आधारित व्यवस्था होना जरूरी

धनखड़ ने यह भी कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में जहां वैश्विक व्यापार, सामरिक चोक पॉइंट्स, साइबर खतरे और अंतरराष्ट्रीय अपराध आपस में जुड़े हैं, समुद्र में नियम आधारित व्यवस्था को लागू करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। यह अत्यंत आवश्यक है कि समुद्रों में नियम आधारित व्यवस्था बनी रहे। भारत की समुद्री सुरक्षा लचीली, सक्रिय और भविष्य के लिए तैयार होनी चाहिए। हमें शिपबिल्डिंग में तेजी लानी होगी और इसमें नेतृत्व करना होगा। हम माल का लगभग 70 फीसदी समुद्री रास्ते ले जाते हैं।

# कोटडी एनिमल रेस्क्यू टीम के केंद्र पर लापसी व हरा चारा खिलाया



किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** नंदनवन अगर पुर चौराहा स्थित संस्कृति परिवार द्वारा कोटडी में श्री श्याम नंदी गौशाला के सानिध्य में कोटडी एनिमल रेस्क्यू टीम के केंद्र पर अवलोकन किया गया तथा संस्कृति परिवार ने लापसी व हरा चारा खिलाकर गौ सेवा में सहयोग प्रदान किया ! जिसमें आठ पंखे, एक अलमारी और एक बक्सा है सहयोग स्वरूप दिया उन्होंने कोटडी एनिमल रेस्क्यू टीम में कार्य करने वाले सभी साथियों का आभार व्यक्त किया कि इस विपरीत परिस्थितियों में आपके द्वारा गौ सेवा की जा रही है वह काबिले तारीफ है उन्होंने कोटडी एनिमल रेस्क्यू टीम के शेल्टर का अवलोकन कर उनके कार्य की सरहाना की!

# मांडलगढ़ से ब्लांक संविधान रैली भीलवाड़ा में हुए कांग्रेस कार्यकर्ता




किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला भीलवाड़ा** में आयोजित आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी आह्वान पर आयोजित बचाओ रैली जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में अंबेडकर सर्किल से सूचना केंद्र तक निकाली गई यात्रा में मांडलगढ़ से पूर्व कार्यकारिणी ब्लांक अध्यक्ष रफीक टांक , जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी ,जिला परिषद सदस्य सत्यनारायण गुर्जर , रामफूल धाकड़ , भैरूलाल शर्मा गोपाल गुर्जर,,महिला अध्यक्ष कांग्रेस अलका लढा गणपत बलाई , अब्दुल कयूम लोहार मोहसिन खान आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

# शराब पीकर उत्पाद मचाने व आपस मे लड़ाई झगड़ा करने वालों किया 7 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार



किस्मत भीलवाड़ा

**राजलदेसर/चूरू ।** राजलदेसर थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि मंगलवार देर रात्रि को नेशनल हाईवे 11 पर जीत होटल के पास 32 वर्षीय श्यामसुन्दर पुत्र हरीप्रसाद माली निवासी वार्ड 19 राजलदेसर , तिलाराम पुत्र चानाराम जाट 58 वर्षीय सोहन राम पुत्र डुंगरराम जाट धातरी , 22 वर्षीय श्रीचन्द पुत्र नन्दलाल ऐचरा जाट रूधानाथ , ताराचन्द पुत्र जीवणराम जाट धातरी, 38 वर्षीय बनवारीलाल पारीक पुत्र रामचन्द्र पारीक धातरी , 38 वर्षीय शंकरलाल पुत्र भानीराम जाट धातरी शराब के नशे में उत्पाद मचा रहे थे तथा आपस मे लड़ाई-झगड़ा भी कर रहे थे इनको धारा 170 के अंतर्गत 7 व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है

# तपस्वी संत मुनि जयकुमार ठाणा 2 का राजलदेसर मंगल प्रवेश आज

किस्मत भीलवाड़ा



**राजलदेसर/चूरू ।** युग प्रधान आचार्य महाश्रमण के विद्वान सुशिष्य तपस्वी संत मुनि जयकुमार ठाणा 2 कल दिनांक आज गुरुवार को जैगणिया बीकान से प्रातः 5:30 बजे विहार कर लगभग 7:30 बजे वृद्ध साध्वी सेवा केन्द्र (पुनमचंद बैद की हवेली, पुराना ठिकाणा) में पधारेंगे। इससे पूर्व मुनि तेरापंथ भवन पधारेंगे जहां विराजित शासन साध्वी मानकुमारी ठाणा 7 के साथ आध्यात्मिक मिलन होगा। वृद्ध साध्वी सेवा केंद्र में प्रातः लगभग 9 बजे स्वागत समारोह का आयोजन होगा। मुनिश्री के 27 दिवसीय प्रवास के दौरान श्रद्धालुओं को प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक सामूहिक सेवा का लाभ मिलेगा तथा रात्रि कालीन कार्यक्रम 8:15 बजे से होंगे। मुनिश्री के प्रवास काल में यथासंभवतया नमस्कार महामंत्र अनुष्ठान, भक्तामर अनुष्ठान, अभिनव सामायिक, धम्म जागरणा, कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभा के मंत्री कमल दुगड़, तेयुप अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, मंत्री रजत बैद, मनोज कुंडलिया, देवेंद्र बरड़िया, निश्चय कुंडलिया, विकास चौरड़िया, विक्रम दुगड़, रोहित बाफना (भीमसेन), कुणाल बैद, पियूष श्रीमाल, नन्हा बालक विनय बरड़िया रामौतार पांडे, आदि रास्ते की पैदल सेवा (विहार) में उपस्थित रहे ।

# कृषि प्रोधोगिकी प्रबंध अभिकरण द्वारा खरीफ पूर्व एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी हुई

किस्मत भीलवाड़ा

**रायला** मे सहायक कृषि अधिकारी रायला के लांबिया खुर्द ग्राम पंचायत में आत्मा योजना के अंतर्गत एकदिवसीय खरीफ पूर्व कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें 100 कृषकों ने भाग लिया। इसमें आत्मा परियोजना निदेशक भीलवाड़ा मीना चौधरी ने आत्मा योजना की गतिविधियों की जानकारी दी। इनके साथ बारानी कृषि अनुसंधान के वैज्ञानिक डॉ एल के छाता ने खरीफ फसलों में कीट नियंत्रण के बारे में बताया और नोडल अधिकारी डालू लाल माली ने उद्यान की योजना की जानकारी किसानों को दी ए ए ओ रायला नारायण कुमावत ने विभागीय योजना जैसे तारबंदी, फार्म पौंड, सिंचाई पाइप लाइन, बर्मी कंपोस्ट, फवारा पाइप लाइन आदि योजनाओं की जानकारी दी साथ में कृषि पर्यवेक्षक श्रीराम कुमावत मौजूद थे।



# अंतरराज्यीय चोर गिरोह के 10 हज़ार के इनामी सदस्य को दबोचा, ब्रेज़ा कार चोरी में भी था वांछित

किस्मत भीलवाड़ा

**बिजोलिया** थाना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। अंतरराज्यीय चोर गिरोह का सक्रिय सदस्य और ?10 हज़ार का इनामी आरोपी परमेश्वर कंजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी लोकपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा की गई। थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त परमेश्वर उर्फ परमेश पुत्र बाबूलाल उर्फ बाबुडिया (उम्र 24 वर्ष), निवासी चीताबड़ा , थाना बिजोलिया जिला भीलवाड़ा, लूट, चोरी और डकैती की वारदातों में वर्षों से सक्रिय था। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न जिलों में एक दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी प्रकरण संख्या 119/2025, धारा 303(2) आईपीसी में भी वांछित चल रहा था।



**ब्रेज़ा कार चोरी में भी था शामिल**

13 अप्रैल 2025 को बिजोलिया थाना क्षेत्र में एक ब्रेज़ा कार चोरी की घटना में भी यह आरोपी नामजद था। पीड़ित की घर के बाहर से कार और चोरी हो गई थी। इसी घटना के सिलसिले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसकी गहन विवेचना के बाद आरोपी की संलिप्तता उजागर हुई।

**अंतरराज्यीय वारदातों का लंबा रिकॉर्ड**

पुलिस के अनुसार, आरोपी परमेश्वर ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के कई इलाकों में चोरी व लूट की वारदातों को अंजाम दिया। आरोपी का मुख्य तरीका राह चलते यात्रियों को लूटना, दुकानों के ताले तोड़ना और खेतों या सुनसान जगहों पर अकेले व्यक्तियों को निशाना बनाना था। आरोपी पर डूंगरपुर, टोंक, मांडलगढ़, बिजयनगर व आसींद थानों में भी लूट व चोरी के प्रकरण दर्ज हैं।

# समाजसेवा शिविर मे विधार्थियो ने उपकारागृह गुलाबपुरा अवलोकन किया

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के विधार्थियो ने समाज सेवा शिविर में विधार्थियो ने उपकारागृह मे जेलर ओमप्रकाश शर्मा व सूर्यप्रकाश गर्ग के सानिध्य मे अवलोकन किया। संस्था प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि समाज सेवा शिविर के 5वें दिन उपकारागृह गुलाबपुरा का अवलोकन किया। समाज में बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। ताकि अपराधमुक्त जीवन जिया जा सके होना चाहिए, समाज में संस्कार वान व सभ्य समाज के निर्माण हेतु विद्यार्थियों को परिवार में अच्छे संस्कारो का बिजरोपण किया जा सके। कारागृह जेलर ओमप्रकाश शर्मा ने छात्रों को बताया कि विद्यार्थी जीवन में लोभ-लालच में आकर अपराध की प्रवृत्तियां में शामिल नहीं होना चाहिए। विद्यार्थियों के असली दोस्त माता-पिता होते हैं माता-पिता सूर्य और चंद्रमा की तरह जीवन को संवारने में लगे रहते हैं उनकी प्रत्येक बात को अपना जीवन को सर्वश्रेष्ठ बनाया जा सकता है। जेल में बंद अपराधियों की प्रवृत्ति के बारे में समझाया कि विद्यार्थी को नहीं करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ लालसाहब, अरविंद लड्ढा, मुकेश सेन ,राकेश शर्मा, सरोज शर्मा,जितेंद्र आंचलिया, जितेंद्र प्रजापत सहित मौजूद थे।



# अभिरुचि शिविर में मेहंदी और ब्यूटीशियन विदाओं द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** = भारत विकास परिषद के तत्वाधान में गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलाबपुरा में आयोजित सात दिवसीय अभिरुचि शिविर में बच्चों के साथ-साथ महिलाएं भी भाग ले रही है ब्यूटीशियन प्रशिक्षक प्रियंका टेलर और मेहंदी प्रशिक्षक सपना तोषनीवाल द्वारा जो ब्यूटीशियन एवं मेहंदी के टिप्स प्रतिभागियों को दिए जा रहे हैं उनसे कई छात्राएं एवं महिलाएं लाभान्वित हो रही है और आगे भी इसी दिशा में और अधिक सीखने की मानसिकता लेते हुए आत्मनिर्भर बनने की और इसे जीविकोपार्जन का साधन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। भामाशाह ज्ञानचंद चौधरी हुरड्डा द्वारा मेहंदी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को निशुल्क मेहंदी के कोण उपलब्ध करवाए गए। इसी प्रकार अन्य विधाएं डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट,मार्शल आर्ट, पेंटिंग, मोटिवेशनल सत्र आदि सफलतापूर्वक विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा संचालित हो रहे हैं। प्रतिदिन परिषद एवं भामाशाहों द्वारा अल्पाहार, शीतल पेय की व्यवस्था प्रतिभागियों के लिए की जा रही है आज के मोटिवेशनल सत्र में राजेश गैस एजेंसी से जी एल यादव ने घरेलू गैस एवं उसके रखरखाव के संदर्भ में सभी प्रतिभागियों एवं मातृशक्ति को टिप्स, सुझाव एवं सावधानियां संबंधी मार्गदर्शन दिया। मोटिवेशनल सत्र में गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के समाज सेवा शिविर के शिविरार्थियों ने भी भाग लिया। मोटिवेशनल सत्र में गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यनारायण अग्रवाल एवं समस्त स्टाफ रहा। इस दौरान परिषद से संपत व्यास शिवदयाल डाड, सत्यनारायण जागेटिया, सुधीर पारीक बुद्धि प्रकाश शर्मा, दिनेश छतवानी, कन्हैयालाल सोनी, महादेव मूंदड़ा, सैम, अजय धनजा , तरुण खत्री,मातृशक्ति से मुन्नी देवी जागेटिया, पिंकी शर्मा , सोनिया शर्मा, ज्योति दिनवानी, भगवती मूंदड़ा, सुमित्रा सोनी, संगीता सोनी, सुनीता पंचारिया , मीनाक्षी भाटिया, वंदना लड्ढा , अंजलि नवाल, मधु कलवार, कीर्ति लड्ढा, रितु नवाल, शिल्पा राठौड़ आदि ने अपनी सेवाएं दी।अंत में मोटिवेशनल सत्र की समाप्ति पर परिषद अध्यक्ष संपत्ति सभी का आभार ज्ञापित किया।



# बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास की पहल पर राहतों की बयार परित्यक्ता महिला को मिला संबल,एक साथ 15 योजनाओं का मिला लाभ

किस्मत भीलवाड़ा

**रायला बनेड़ा** उपखण्ड के कासोरिया निवासी एक परित्यक्ता महिला सावित्री तिवाड़ी को बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास की पहल पर राज्य सरकार की 15 योजनाओं का लाभ दिलाया गया। महिला लंबे समय से आर्थिक तंगी में जीवन बिता रही थी। दो वक़्त की रोटी के लिए संघर्ष करने वाली कासोरिया गांव की एक परित्यक्ता महिला सावित्री के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। इसकी वजह है–बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास की संवेदनशील पहल, जिन्होंने महिला के जीवन की दिशा ही बदल दी। आप को बता दे की विकलांग परित्यक्ता महिला सावित्री जो कई सरकारी योजनाओं के लिए पात्र थी, लेकिन जागरूकता व संसाधनों के अभाव में कोई लाभ नहीं मिल पा रहा था। यह मामला जब बनेड़ा स्ष्ठरू श्रीकांत व्यास के संज्ञान में आया तो उन्होंने तुरंत संपूर्ण प्रकरण की पड़ताल कर विभागीय समन्वय से महिला को परित्यक्ता प्रमाणपत्र जारी कर पेंशन आवेदन करवाया विरासत नामांतरणकरण खुलवाया पीएम किसान सम्मान निधि पीएम आवास योजना, खाद्य सुरक्षा, मनरेगा मैट,पट्टा, स्कूटी, आयुष्मान कार्ड,विकलांगता प्रमाण पत्र, नेत्र जांच, पशु बीमा,नल कनेक्शन, तारबंदी, बिजली , विकलांगता प्रमाण पत्र, विद्युत कनेक्शन व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया /प्रस्तावित किया गया।। अब महिला के पास इलाज के लिए बीमा है, घर में रसोई गैस है, हर माह पेंशन है और सबसे अहम–जीने की एक नयी उम्मीद है। गांव वालों ने भी इस मानवीय कार्य की सराहना की है। इस पूरे मामले ने साबित कर दिया है कि यदि प्रशासन चाहे तो बदलाव सिर्फ फाइलों में नहीं, ज़मीनी हकीकत में भी दिख सकता है।



# भिनाय पुलिस थाने की कस्टडी से फरार हुआ आरोपी-पुलिस देखती रह गई

## पूर्व मे भी थाने के ही कांस्टेबल ने बेच दिए थे लाखों के डोडा पोस्त!

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** भिनाय थाने में पुलिस कस्टडी से आरोपी के फरार होने का मामला सामने आया है। शांति भंग में गिरफ्तार आरोपी कान्स्टेबल को धक्का देकर भिनाय थाने की दीवार कूद कर फरार हो गया। मामले में सहायक उप निरीक्षक की ओर से थाने में शिकायत दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार भिनाय थाना पुलिस ने 170 BNS में देवलिया कला निवासी तरुण सेन को गिरफ्तार किया था। जिसे थाने में हवालात में रखा गया था। आरोपी के द्वारा कांस्टेबल को इशारा कर हवालात के पास बुलाया गया। बाद में कांस्टेबल को बाथरूम जाने की जानकारी दी थी। कांस्टेबल ने आरोपी को हवालात से बाहर निकाला और बाथरूम की तरफ ले गया तभी आरोपी कांस्टेबल को धक्का देकर गिरा दिया और शौचालय के पास बने गेट से भाग गया।कांस्टेबल ने पीछा किया तो आरोपी थाने की पीछे की दीवार फांदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।आरोपी के फरार होते ही थाने में हड़कम्प मच गया। मामले में भिनाय थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्व मे भी भिनाय थाने मे तैनात कांस्टेबल द्वारा जप्त डोडा पोस्त बेच दिया था क्यों की मालखाने का इंचार्ज भी वही था विभाग द्वारा केवल उसके विरुद्ध कार्यवाही की गई जबकि ततत्कालीन थाना धिकारी की मुखिया होने के नाते सम्पूर्ण थाने की जिम्मेदारी थी परन्तु उनके विरुद्ध विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई जो सोचनीय प्रश्न है!




# भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर सरवाड़ नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** सरवाड़ नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरवाड़ के तत्वाधान में आधुनिक कम्प्यूटर युग के निर्माता एवं भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 34वी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर सरवाड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम लाल बेरवा,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हाजी रसीद गोरी,डॉ भीमराव अम्बेडकर मण्डल अध्यक्ष रामस्वरूप प्रजापति महासचिव रामलाल गुर्जर, युवक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार जैन, पार्षद ज़ावेद*अहमद नगर पालिका के उपाध्यक्ष आरिफ नेब, पुर्व पार्षद अब्दुल मजीद कुरेशी, संजय शर्मा संजय साहु,वहीद राठौड़, बाबू मोहम्मद गुराक,दीनाराम रेगर, महावीर सेवता, शिवप्रकाश सेवता,साही कव्वाल गफ्फुर गांधी, गोपी लाल मेघवंशी, नोरत मल सोनी, सत्यनारायण जाट सरसडी, रोहित सिंह चौहान सहित कई कांग्रेस जन मौजूद रहे। रामस्वरूप प्रजापति ने राजीव गांधी का कोटा में सड़क मार्ग से अजमेर जाते समय सरवाड़ में इनका स्वागत किया गया था जिसका भी वर्णन किया गया

# लायंस क्लब ने निर्मला कोठारी कालेज में लगाए पक्षियों के लिए 51 परिंडे



किस्मत भीलवाड़ा

**सावर ।** लायंस क्लब सावर द्वारा बुधवार को सावर चौराहे पर पक्षियों के लिए पानी परिंडे लगाए गए। लायंस क्लब सावर के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सुवालका ने बताया कि पहले चरण में 11 परिंडे लगाए गए। प्रांतीय सभापति लायन एस एन न्याति ने बताया कि 40 परिंडे निर्मला कोठारी महाविद्यालय के बालक बालिकाओं को निःशुल्क प्रदान किए गए, ताकि गांव गांव ढाणी ढाणी पक्षियों के लिए परिंडे लगाए जा सके और पक्षी भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सके। और प्रांतीय सभापति न्याति ने सभी को संकल्प दिलाया कि नियमित शाम को सूर्यास्त से पहले इस परिंडे में पानी भरे और प्रति तीसरे दिन इस परिंडे की सफाई करेंगे कार्यक्रम में लायन राजेंद्र प्रताप सिंह शक्तावत, लायन मनोज सैनी, सचिव अशोक कुमार जैन, कोषाध्यक्ष अविनाश कोठारी, लायन सुमन कोठारी, श्याम लाल नुवाल, धनराज जांगिड़, छीतर लाल बलाई, पावेल पठान, आशा त्रिपाठी, प्रहलाद गुर्जर, छोटू गुर्जर एवं तंजीम खान ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# समाज सेवा शिविर में भारत विकास परिषद ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

किस्मत भीलवाड़ा

**सावर।** भारत विकास परिषद शाखा सावर के द्वारा पक्षियों के लिए बांधे परिंडे।शाखा सदस्यों ने सावर के उच्च मा विद्यालय प्रांगण में पक्षियों हेतु परिंडे लगाए गए। एवं अस्पताल परिसर में भी कल परिंडे बांधे जाएंगे। इस अवसर पर सावर शाखा के संयोजक सेवा राजेंद्र प्रताप सिंह शक्तावत संयोजक पर्यावरण विक्रम सिंह शक्तावत,श्याम सुंदर वैष्णव संस्था प्रधान, राकेश वैष्णव व्याख्याता संजय जाजोरिया मनीष पारीक ,एवं शाखा के सदस्य अशोक गदेरिया श्रीनिवास माली,दिनेश माली आदि उपस्थित रहे। शाखा सचिव अनिल कुमार झांकल ने बताया कि शाखा अध्यक्ष हेमंद्र सिंह शक्तावत के निर्देश पर शाखा द्वारा 250 परिंडे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।विद्यालय में चल रहे समाज सेवा शिविर में प्रतिभागी बालको को भी घर पर लगाने हेतु परिंडे उपलब्ध कराए गए।एवं बालको को परिंडे लगा कर रोज पानी भरने एवं जीवो की रक्षा की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष अंकुर जोड़ला ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।




# भगवान मेरे हैं में भगवान का हुँ यह भाव ही परमात्मा तक ले जाते हैं - अशोक भाई

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** कोटड़ी सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय सत्संग कार्यक्रम के चौथे दिन गुरुजी अशोक भाई ने कहा कि भगवान मेरे हैं मैं भगवान का हूं यह इच्छा ही ह्र्थ प्रभु तक ले जाएगी मन शुद्ध पवित्र होगा तो भगवान के भजन में आसानी होगी ! अंतःकरण में अगर राग, द्वेष हो तो यही अन्तःकरण की अशुद्धि होगी ! अन्तःकरण शुद्ध होगा तो हमारे कर्म भी अच्छे होंगे मानव शरीर जप-तप साधना के लिए मिला लेकिन इसका प्रयोग संसार की मोह माया में फंसा हुआ है !द्वापर युग के बाद हमारे अन्तःकरण को शुद्ध करने का कोई उपाय या धर्म मार्ग है तो वह भागवत सत्संग है ! भागवत भगवान की वाघमह्य मूर्ति है एक मन में प्यास है तो परमात्मा का मिलना आसान है प्रेम से परमात्मा की प्राप्ति संभव है प्रेम के बाप का नाम विश्वास ओर पाप के बाप का नाम लोभ हैं इसको एक उदाहरण देते हुए बताया एक महाराज ने घर देखा और वहां चले गए घर जाने के बाद पता चला यह वेश्या का घर है तो वह वापस जाने लगे वेश्या ने कहा कि महाराज आप मेरी यहां रूकिये में एक सोने का सिक्का दूंगी अगर भोजन पाया तो दो सोने के सिक्के दूंगी मेरे हाथ का भोजन पाया रो पाँच सोने के सिक्के दूँगी महाराज लालच में आ गए आ हाँ बोल दिया तो वेश्या ने तपाक से दो थप्पड़ लगाकर कहां की यही पाप का बाप लोभ है इसलिए हमें इस पाप को छोड़ देना चाहिए सहारा रखना है तो परमात्मा का रखिए गिड़गिड़ाने से संसार में हंसी ही होती है मुक्ति असंभव है! भगवान को प्रेम से ही नहीं भाव से भजिये ! अश्वमेध यज्ञ करने के बाद भी पुनः संसार में आना होगा लेकिन एक बार परमात्मा का भाव प्राप्त हो गया तो पुनः जाने जाने का चक्र समाप्त हो जाएगा! सत्संग का आनन्द लेने के लिए आस-पास के जिलों से भी भक्त पहुंचे ओर सत्संग का आनंद लिया !



# लू से बच्चो के बचाव हेतु होमियोंपेथीक औषधि वितरण शिविर संपन्न

किस्मत भीलवाड़ा



**केकड़ी** यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होमियोपैथी केकड़ी के द्वारा दिनांक 21 मई 2025 को पटेल आदर्श विद्या निकेतन केकड़ी में भारत विकास परिषद् शाखा केकड़ी के तत्वावधान में आयोजित हो रहे कला एवं अभिरुचि शिविर में भाग लेते हुए बच्चों को लू के प्रकोप से बचाव हेतु निःशुल्क होम्योपैथिक दवा का वितरण किया गया। इस शिविर का उद्देश्य भीषण गर्मी में बच्चों को लू से सुरक्षित रखना तथा उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर चिकित्सा प्रभारी डॉ. अंशुल चाहर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर लगभग 217 बच्चों को लू के प्रकोप से बचाव हेतु निःशुल्क होम्योपैथिक दवा वितरित की गयी जो गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाव में सहायक साबित होगी। इस शिविर में सहायक आचार्य ऑरगेनन ऑफ मेडिसिन विभाग डॉ. कनुप्रिया एवं सहायक आचार्य रिपर्टरी विभाग डॉ. सीमा गुप्ता ने न केवल अपनी चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कीं, बल्कि बच्चों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. पुनीत आर शाह ने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस भीषण गर्मी में बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु ऐसे शिविर अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी शिविरों के आयोजन की महत्ता पर बल दिया।

# संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस का मोदी सरकार पर तीखा हमला

## लोकतंत्र की हत्या करने पर तुली भाजपा सरकार - त्रिपाठी



### राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि, भाजपा पर लगाए संविधान तोड़ने के गंभीर आरोप






किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार को भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने किया, जबकि जिला कार्यक्रम प्रभारी प्रभारी उर्मिला योगी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विधानसभा प्रभारी कैलाश झालीवाल और पूर्व मंत्री रामलाल जाट की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की 'संविधान विरोधी नीतियों' के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। रैली के पश्चात सूचना केंद्र चौराहे पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी को उनके बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। भीलवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे असल मुद्दों से भटकी रहे, इसके लिए यह सब किया जा रहा है। पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि आज जरूरत है कि हम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के बताए रास्ते पर चलें, जिन्होंने 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार और पंचायत राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाया। भाजपा जिस संविधान को तोड़ने की कोशिश कर रही है, कांग्रेस उसे बचाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ेगी।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विधानसभा प्रभारी कैलाश झालीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार देश को संविधान से हटाकर एक व्यक्ति की सत्ता में बदलने की कोशिश कर रही है। दो-तिहाई बहुमत की मांग केवल इसलिए है ताकि आरक्षण को खत्म किया जा सके और वंचित वर्गों को फिर से हाशिए पर धकेला जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आरक्षण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक संस्थाओं को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर रही है। जिला कार्यक्रम प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री उर्मिला योगी ने कहा कि केंद्र सरकार पर जातिगत जनगणना को टालने का भी आरोप लगाया और कहा कि जब तक समाज के वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आते, तब तक संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण असंभव है। भाजपा जातिगत जनगणना से डरती है क्योंकि इससे उनकी वर्गीय राजनीति उजागर हो जाएगी। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए 'संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ', 'जातिगत जनगणना कराओ', 'भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी'। रैली में पूर्व विधायक हंगामी लाल मेवाड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश व्यास, चेतन डीडवानिया,ओम नारानीवाल, अनिल राठी,राजेन्द्र जैन, रफीक शेख,अविचल व्यास,रामगोपाल पुरोहित सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## राजलदेसर अस्पताल का प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर ने किया औचक निरीक्षण, चिकित्सा सेवाओं में सुधार के निर्देश



किस्मत भीलवाड़ा

**राजलदेसर/चूरू, 21 मई -** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर ने मंगलवार देर शाम राजलदेसर के राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, भर्ती वार्ड, लैब और मौजूदा गर्मी के मद्देनज़र दवाइयों, पेयजल, पंखे, कूलर और एसी जैसी सुविधाओं की स्थिति का जायज़ा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। श्रीमती राठौर ने मरीजों से मधुर व्यवहार रखने और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (माँ योजना) का अधिक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा से चूरू जिले के कई नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। पत्रकारों द्वारा चिकित्सकों की रिक्त पदों, अस्पताल के विस्तार, और बरसात के समय जलनिकासी की समस्या उठाई गई। इस पर उन्होंने कहा कि रिक्त पद शीघ्र भरे जाएंगे और 50 बेड अस्पताल के लिए नियम पूरे होने पर प्रस्ताव सरकार तक पहुंचाया जाएगा। बरसाती पानी की गंभीर समस्या पर भी उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा सहित अन्य अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहे।

## उपखण्ड अधिकारी हेमानी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जूनिया का किया निरीक्षण



किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** आज दिनांक 21 मई, 2025 को उपखंड अधिकारी केकड़ी सुभाष चंद्र हेमानी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जूनिया का औचक निरीक्षक किया इस दौरान उपखंड अधिकारी ने हीट वेव से संबंधित व्यवस्थाओं एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध दवाइयों का जायजा लिया जो ठीक पाई गई उपस्थित कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मिलने वाली हर तरह की सुविधाओं को नियमित बनाए रखने के निर्देश दिए गए

## जासोरिया की झोपड़िया में निकली कलश यात्रा 25 को होगा प्रभात फेरिया का संगम

किस्मत भीलवाड़ा

**भटेड़ा** - बनेड़ा क्षेत्र के जासोरिया के जासोरिया की झोपड़ियां में बुधवार को श्री चारभुजा नाथ मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। जासोरिया की झोपड़ियां चारभुजा नाथ मंदिर पर संपन्न हुई। जिसमें 111 महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण किया। आयोजन कमेटी के मुकेश गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि वीतराग तपोनिष्ठ सम्राट यज्ञ राष्ट्रीय संत श्री श्री 108 महन्त श्री रामदास जी महाराज के सानिध्य में श्री राधाकृष्ण, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पार्वती मंगल हर्षवर्धन कथा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के आचार्य पंडित कृष्ण गोपाल जी दाधीच कनेछन कलां, पं पवन कुमार जी शास्त्री आगुचा होंगे। 25 में रविवार को आसपास के गांव से प्रभात फेरिया का संगम होगा। व राधा कृष्ण शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।



## विद्यालय में समाजसेवा शिविर, बच्चों को दिए उपयोगी पाठ




किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आकोला (कोटड़ी) में समाजसेवा शिविर चल रहा है। इसमें कक्षा 11वीं के उत्तीर्ण विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर 31 मई तक चलेगा। पांचवें दिन शिविर प्रभारी व्याख्याता प्रहलाद कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को यातायात नियमों व उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी। दल नायक हनुमान शर्मा ने बच्चों को विद्यालय की सफाई, पौधों की देखभाल और उन्हें पानी देने के तरीके बताए। शिविर में 21 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

## मांडलगढ़ पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** मांडलगढ़ नगर के पुलिस थाने पर सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन थानाधिकारी शंकर सिंह की अध्यक्षता में कि गया बैठक में थाना क्षेत्र में गो तस्करी पर पैनी नजर बनाए रखने व इससे जुड़ी संदिग्ध लोगों की जानकारी प्रशासन को प्रदान करने पर जोर दिया गया बैठक में क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने आपस मेलजोल बनाए रखने आझात तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए सजगता बरतते सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से वार्ता गई बैठक में पूर्व नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्म भट्ट विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, नीलकमल पटवा, ओमप्रकाश ब्रह्मभट्ट, महेंद्र चौधरी, सहित अन्य सीएलजी सदस्य मौजूद रहे ।



### डंपर में बने चेंबर से मिला 678 किलो डोडाचूरा

# 38 बैग में भरा हुआ था, सीबीएन टीम पर डंपर चढ़ाने की कोशिश की

किस्मत भीलवाड़ा

चित्तौड़गढ़ केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) की चित्तौड़गढ़ टीम ने नशे की तस्करी के खिलाफ सफलता हासिल की है। टीम ने कोटा-चित्तौड़गढ़ राजमार्ग पर एक डंपर से 678.750 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की बाजार में कीमत करीब 32 लाख रुपए बताई जा रही है।



**सूचना पर हुई कार्रवाई, गुजरात पासिंग का था डंपर**

सीबीएन को सूचना मिली थी कि गुजरात नंबर का एक डंपर कनेरा घाटा क्षेत्र से मारवाड़ की ओर अवैध डोडा चूरा लेकर जाने वाला है। इस पर उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा, नरेश बुंदेल के निर्देशन में चित्तौड़गढ़ सेल की टीम ने कोटा-चित्तौड़गढ़ राजमार्ग पर बस्सी गांव के पास संदिग्ध डंपर को रुकवाने की कोशिश की। टीम को देख ड्राइवर ने डंपर को भगाने की कोशिश की और टीम को टक्कर मारने की भी कोशिश की। टीम ने डंपर का पीछा किया और घोसुंडी गांव के पास उसे रोका।

**चालक मौके से फरार, टीम ने जब्त किया डंपर**

ड्राइवर चलते डंपर से कूदकर भाग गया। टीम ने डंपर को सुरक्षित रूप से अपने कब्जे में ले लिया। जांच के दौरान पता चला कि डंपर के फर्श में एक विशेष तरीके का चेंबर बनाया गया था। इसी चेंबर में 38 प्लास्टिक बैग छिपाए गए थे, जिनमें डोडा चूरा भरा था।

**678 किलो डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट में किया जब्त**

डंपर से 678.750 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया गया। टीम ने मौके पर ही कार्रवाई पूरी कर डोडा चूरा और डंपर को एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान एक हवलदार को हल्की चोट भी आई है।फरार चालक की तलाश जारी है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# सावर पुलिस ने सुने मकान व दुकानों में चोरी का पर्दाफाश कर दो आरोपी किये गिरफ्तार

किस्मत भीलवाड़ा

**सावर।** सावर थाना क्षेत्र में हुई गत दिनों सुने मकान व दुकानों में चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सावर थाना प्रभारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि गत दिनों 17 मई को सावर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय कालेडा कवर जी निवासी सुगन चंद जैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की 16 मई को वह परिवार सहित अपने मकान व दुकान के ताला लगाकर सावर में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम पंचकल्याण महोत्सव में चले गए थे। देर रात्रि को जब वह घर लौटा तो मकान व दुकान के ताले खुले मिले ओर सामान बिखरा हुआ पड़ा था। दुकान के पीछे की खिड़की भी टूटी हुई थी। मकान का गेट उखड़ा हुआ था।साथ ही बेडरूम का कुन्दा भी उखड़ा हुआ था।शातिर चोरों ने मकान व दुकान को खंगाला था। जिसमे चोरों ने घर से 2 लाख 16 हजार की पड़ी हुई नगदी भी चुरा ली। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके चोरी का पर्दाफाश करने के लिए टीम गठित करके तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कालेडॉ कवर जी निवासी लेखराज लोधा पुत्र जगदीश लोधा व हरिसिंह मीणा पुत्र भवानी राम मीणा से पूछताछ की तो आरोपियों ने वारदात करना कबूल कर लिया। जिसपर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके केकडी न्यायालय में पेश किया वहाँ से दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर दिया गया। पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्योराजमल मीणा व पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा के सुपरविजन में गठित टीम में थाना प्रभारी बनवारी लाल मीणा ऐ एस आई ओम प्रकाश कांस्टेबल छोटूलाल प्रदीप कुमार रामेश्वर गिरी व विजय कुमार पूछताछ कर रहे है।




# राजीव गांधी पुण्यतिथि पर शिवगंज में श्रद्धांजलि सभा, संयम लोढ़ा सहित कई नेता हुए शामिल

किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज,** 21 मई 2025 – भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शिवगंज के टाउन हॉल परिसर में एक भावुक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री संयम लोढ़ा ने शिरकत की। उन्होंने राजीव गांधी जी को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताते हुए कहा, "वे न केवल देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे, बल्कि उन्होंने भारत को 21वीं सदी में ले जाने की आधारशिला भी रखी।" श्री लोढ़ा ने आगे कहा कि राजीव गांधी जी की सोच ने देश में सूचना प्रौद्योगिकी, टेलीकॉम क्रांति और पंचायती राज को मजबूती प्रदान की। उन्होंने विज्ञान, शिक्षा और डिजिटल विकास के माध्यम से गांव-गांव तक परिवर्तन की लहर पहुंचाई। सभा में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष श्री बेकिंग राम घांची, नगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. हनवंत सिंह मेड़तिया सहित विभिन्न वक्ताओं ने भी राजीव गांधी की दूरदर्शिता, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और युवाओं को राजनीति में स्थान देने की सोच की सराहना की। इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाशराज मीना, मनोहर हिंडोनिया, महेन्द्र राठौड़, पन्ना लाल, सरदार बलबीर सिंह, राहुल चावरिया, दशरथ सिंह, सैयाद, रविंद्र रावल, सुरेश सिंह राव, दिनेश मीना, प्रकाश मीना, सुमित कुमार सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दो मिनट के मौन के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने राजीव गांधी जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।



## केकड़ी में 'पुलिस' की बड़ी कार्रवाई, चार सटोरिए गिरफ्तार




किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** – केकड़ी थानाधिकारी कुसुमलता मीणा ने सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार सटोरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पशु चिकित्सालय के पास बस स्टैंड क्षेत्र में चाय की थड़ी पर पर्ची सट्टा लगाते पाए गए आरोपियों के पास से 10,200 रुपये नकद, हिसाब की पर्चियां और अन्य सट्टा सामग्री बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों में जयप्रकाश, रमजान, शंकर और महावीर शामिल हैं। पुलिस ने आरपीजीओ एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कार्रवाई से क्षेत्र में सट्टा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ की विचार गोष्ठी 23 को

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** सरकार भारती राजस्थान के तत्वाधान नो विशाल विचार गोष्ठी का आयोजन 23 मई गुरुवार को महाराणा प्रताप सभागार नगर निगम भीलवाड़ा में साय 7 बजे आयोजित होगी जिसमें प्रखर राष्ट्र विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। विचार गोष्ठी की तैयारीयो को लेकर सहकार भारती, भीलवाडा जिले की बैठक बुधवार को अशोक नगर स्थित संस्कृति मंदिर में सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री सी ए सुनील सोमानी कि अध्यक्षता में आयोजित हुई ह्व विचार गोष्ठी में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ सहकारिता से सक्षम समृद्ध भारत विषय पर संबोधित करेंगे सहकार भारती राजस्थान पदाधिकारीयो ने विचार गोष्टी कि तेयारियो पर विस्तृत चर्चा की गई कार्यक्रम के दौरान सहकार गौरव सम्मान भी दिया जाएगा । सरकार भारती मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर सरकार भारती भीलवाडा जिला अध्यक्ष सुभाष चेचानी, जिला महामंत्री दुर्गा लाल सोनी ,जिला संगठन प्रमुख रामनरेश विजयवर्गीय, प्रदेश सह कोष प्रमुख पुनीत सोमानी, जिला कोष प्रमुख नवनीत तोतला, सी ए प्रकोष्ट प्रमुख सी ए मनोज सोनी, विभाग महिला प्रमुख विजया सुराणा, जिला महिला प्रमुख प्रभा सिसोदिया, नगर अध्यक्ष संजय पांडे, नगर संगठन प्रमुख मुकुट बसेर,नगर महिला अध्यक्ष कविता विजयवर्गीय, नगर महिला महामंत्री कमलेश सेठी, जिला उपाध्यक्ष भेरू लाल बालदी, मनीष डाड, मनीष गर्ग सहित संगठन टीम और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे



## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 29 नेत्र रोगियो को दिया परामर्श

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया, जिसमें 29 नेत्र रोगियों को निशुल्क परामर्श दे उपचार किया गया, उनकी विभिन्न जांचे की गई। समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि नेत्र रोगियों को डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन, डीएनबी द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया निशुल्क नेत्र शिविर की अध्यक्षता नारायण लद्दड़ा ने की। शिविर में चयनित किए गए नेत्र रोगियों के नेत्र आपरेशन किए जाएंगे , शिविर के दौरान रोगियों को निशुल्क दवाइयां व काले चश्मे वितरित किए जाएंगे एवं चार दिवसीय शिविर में छुट्टी के समय नेत्र रोगियों कि आंखों की पुन जांच की जाएगी। इस अवसर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी श्यामसुंदर पारीक , गणपत जागेटिया,अरुण जागेटिया,सुभाष अग्रवाल, छीतरमल लद्दड़ा, रामनारायण शांता सोमानी आदि उपस्थित थे।



## मतदान केन्द्र का अधिग्रहण

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,** सुवाणा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कोदूकोटा के सरपंच पद के लिए उप निर्वाचन हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान जयपुर द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार मतदान व्यवस्था हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोदूकोटा का 7जून, 2025 से 9जून, 2025 तक निर्वाचन कार्य सम्पादन हेतु मतदान केन्द्र भवन अधिग्रहण किया गया है।

# जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का गहराता संकट



योगेश कुमार गोयल

**शोधकताओं का पृथ्वी पर जैव विविधता के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर कहना है कि अधिकांश प्रजातियां मानव शिकार के कारण लुप्त हुई हैं जबकि कुछ अन्य कारणों में दूसरे जानवरों का हमला और बीमारियां शामिल हैं। हालांकि उपग्रहों से मिली तस्वीरों के आधार पर शोधकताओं का मानना है कि धरती के ऐसे बीस फीसद हिस्से की जैव विविधता को बचाया जा सकता है, जहां अभी पांच या उससे कम बड़े जानवर ही गायब हुए हैं लेकिन इसके लिए मानव प्रभाव से अछूते क्षेत्रों में कुछ प्रजातियों की बसावट बढ़ानी होगी ताकि पारिस्थितिकीय तंत्र में असंतुलन पैदा न हो।**

मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर जैव विविधता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है और जीव-जंतुओं, वनस्पतियों इत्यादि की अनेक प्रजातियां तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। जीव-जंतु और वनस्पति ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं लेकिन प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। अनेक शोधों से यह चिंताजनक तथ्य सामने आ चुका है कि पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका के चलते धरती का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा ही पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित रह गया है। जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने तथा धरती पर मौजूद जंतुओं और पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को एक खास थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का इस वर्ष का विषय है “प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास”, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण की वैश्विक प्रतिबद्धताओं को रेखांकित करता है बल्कि जैव विविधता और सतत विकास के बीच गहरे अंतसंबंध को भी उजागर करता है।

अमेरिका की यूनिवर्सिटी आफ एरिजोना के शोधकताओं का मानना है कि अगले पांच दशकों में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रत्येक तीन में से एक यानी एक तिहाई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। शोधकताओं ने दुनियाभर के छह सौ स्थानों पर पांच सौ से ज्यादा प्रजातियों पर एक दशक तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अधिकांश स्थानों पर 44 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मौसमी कारकों का अध्ययन करने के बाद शोधकताओं इस नतीजे पर पहुंचे कि यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो 2070 तक दुनियाभर में कई प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। ब्रिटेन स्थित “स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर” के मुताबिक विश्व के केवल 2.7 प्रतिशत हिस्से में ही अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है, जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़-पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी मौजूद हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 प्रतिशत क्षेत्र को ही संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ये जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे।

“इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर” (आइयूसीएन) एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले समय में इनके विलुप्त होने की संख्या तथा दर में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने करीब एक लाख पैंतीस हजार प्रजातियों का आकलन करने के बाद इनमें से सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया था। आइयूसीएन के अनुसार नौ सौ से ज्यादा जैव प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और 37 हजार से ज्यादा प्रजातियों पर विलुप्त होने का संकट मंडरा रहा है। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ क्राइम रिपोर्ट के मुताबिक वन्यजीवों की तस्करी भी दुनिया के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरी है। रिपोर्ट के मुताबिक सर्वाधिक तस्करी स्तनधारी जीवों की होती है। वन्यजीव तस्करी में 22 प्रतिशत तस्करी के मामले रेंगने वाले जीवों के और 10 प्रतिशत पक्षियों के होते हैं जबकि पेड़-पौधों की तस्करी का हिस्सा 14.3 फीसद है। 'स्टेट ऑफ वर्ल्ड बर्ड्स' नामक एक रिपोर्ट में यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि दुनिया में पक्षियों की करीब 39 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या स्थायी है और मात्र 6 प्रतिशत प्रजातियां ही ऐसी हैं, जिनकी संख्या बढ़ रही है, जबकि 48 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। पक्षियों की प्रजातियों की संख्या में गिरावट को भारत के संदर्भ में देखें तो भारत में जहां 14 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में वृद्धि हुई है, वहीं केवल 6 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या ही स्थिर है जबकि 80 प्रतिशत प्रजातियां कम हुई हैं। इनमें से 50 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में भारी गिरावट और 30 प्रतिशत प्रजातियों में कम गिरावट दर्ज की गई है। सालाना पक्षी गणना में अब प्रतिवर्ष पक्षियों की संख्या और विविधता में गिरावट आ रही है, जिसका बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और जंगलों का कटना है। उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में पक्षियों पर हुए शोध के नतीजे भी चौंकाने वाले हैं। वहां वन क्षेत्रों में मानवीय दखल, वनों की कटाई और तेजी से बढ़ते प्रदूषण के कारण पक्षियों की संख्या में 60-80 प्रतिशत तक की कमी आई है।

पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक जैव विविधता के क्षरण का सीधा असर भविष्य में कृषि, खाद्य पैदावार इत्यादि पर पड़ेगा। इसलिए पृथ्वी पर जैव विविधता को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी है कि हम पर्यावरणीय संतुलन को न बिगड़ने दें। वैज्ञानिकों का कहना है कि जिस प्रकार जंगलों में अतिक्रमण, कटाई, बढ़ता प्रदूषण और पर्यटन के नाम पर गैर जरूरी गतिविधियों के कारण पूरी दुनिया में जैव विविधता पर संकट मंडरा रहा है, वह पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का स्पष्ट संकेत है और यदि इसमें सुधार के लिए शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में बड़े नुकसान के तौर पर इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। विकास के नाम पर यदि वनों की कटाई बदस्तूर जारी रही और जीव-जंतुओं तथा पक्षियों से उनके आवास छीने जाते रहे तो ये प्रजातियां धरती से एक-एक कर लुप्त होती जाएंगी और भविष्य में इससे पैदा होने वाली भयावह समस्याओं और खतरों का सामना समस्त मानव जाति को ही करना होगा।

बहरहाल, शोधकताओं का पृथ्वी पर जैव विविधता के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर कहना है कि अधिकांश प्रजातियां मानव शिकार के कारण लुप्त हुई हैं जबकि कुछ अन्य कारणों में दूसरे जानवरों का हमला और बीमारियां शामिल हैं। हालांकि उपग्रहों से मिली तस्वीरों के आधार पर शोधकताओं का मानना है कि धरती के ऐसे बीस फीसद हिस्से की जैव विविधता को बचाया जा सकता है, जहां अभी पांच या उससे कम बड़े जानवर ही गायब हुए हैं लेकिन इसके लिए मानव प्रभाव से अछूते क्षेत्रों में कुछ प्रजातियों की बसावट बढ़ानी होगी ताकि पारिस्थितिकीय तंत्र में असंतुलन पैदा न हो। जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ रही गर्मी से भी जैव विविधता खतरे में पड़ी है। जैव विविधता पर संकट यदि इसी प्रकार मंडराता रहा तो धरती से प्राणी जगत का खात्मा होने में सैकड़ों साल नहीं लगने वाले।



## संपादकीय

### मुस्तैदी है जरूरी

देश में कोविड-19 के 257 मामलों की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक ने स्थिति को लेकर बैठक की जिसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपात चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद व केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ भी शामिल थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीक नजर रखे हुए है तथा सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के उचित उपाय किए जाएं। एशिया में सिंगापुर, हांगकांग, चीन व थाईलैंड में इस दफा ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जेएन1 व उसके सब-वेरिएंट एलएफ7 व एनबी1.8 जिम्मेदार बताया जा रहा है। 2023 में इसे पहली बार देखा गया था जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वेरिएंट ऑफ इंट्रेस्ट घोषित किया था जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पाया जा चुका है।



सिंगापुर में मरीजों के अस्पताल में भर्ती के मामलों में बीते हफ्ते से 30% ज्यादा मामले तो हांगकॉग में इक्यासी गंभीर मामले सामने आए हैं। हालांकि थाईलैंड व चीन ने मरीजों की संख्या का खुलासा नहीं किया है परंतु हाई अलर्ट जारी किया जा चुका है। बूस्टर डोज लेने की सलाह भी दी जा रही है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन ने अंदेशा जताया है कि कोविड की लहर तेजी से बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि नया वेरिएंट न तो बहुत खतरनाक है, न तेजी से फैल रहा है। मगर गंभीर बीमारियों वाले मरीज व कमजोर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत बताई जा रही है। इसके लक्षणों में खांसी, सिर दर्द, बुखार, आंखों में जलन, जुकाम, दस्त/उल्टियां, मांस-पेशियों में ऐंठन के साथ ही स्वाद या गंध न आना भी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोविड-19 के चपेट में आकर 2020-21 के दौरान पांच लाख से ज्यादा मौत हुई थीं। हालांकि इस आंकड़े को लेकर संदेह रहा है क्योंकि अंदेशा है, संक्रमण ने इससे कहीं ज्यादा लोगों को मौत की नींद सुलाया था। मगर जिस तेजी से इसके बढ़ने की खबरें आ रही हैं, उन्हें देखते हुए सरकार को अधिक सतर्कता बरतनी होगी। विशेषज्ञों को चेतावनी देने से ज्यादा जरूरी है, संक्रमण की चपेट में आ रहे देशों से आने वाले यात्रियों व सामान की सतर्कतापूर्वक जांच हो। उन्हें क्वेरंटाइन किया जाए। अपनी आबादी को देखते हुए हमें संक्रमण को लेकर चौकस रहना होगा। महामारी की बड़ी कीमत चुका चुके देश व देशवासियों को इस खतरे से आगाह करने में कोताही करना उचित नहीं कहा जा सकता।

## चिंतन-मनन

### कौन बने राजा

भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ को पक्षियों का राजा माना गया है लेकिन वे अपने स्वामी की सेवा में इतना व्यस्त रहते थे कि उन्हें पक्षियों का हालचाल जानने का समय ही नहीं मिल पाता था। एक दिन पक्षियों ने अपनी सभा बुलाई और इस बात पर विचार-विमर्श किया कि ऐसे राजा का क्या लाभ, जो कभी हमें देखने तक नहीं आता।

सभी ने काफी सोच-विचार कर उल्लू को राजा घोषित कर दिया। उल्लू के राजतिलक की तैयारी होने लगी, तभी एक कोने में बैठे कौवे ने चिल्लाते हुए कहा कि यह फैसला हमें मंजूर नहीं है। राजा गरुड़ को भले ही हमारे पास आने का समय न मिलता हो, लेकिन जब भी मौका मिलेगा वह अवश्य आएंगे। मगर उल्लू को राजा बनाने का क्या लाभ, जिसे दिन में दिखाई ही नहीं पड़ता। वह हमारी परेशानियों को कैसे हल करेगा। वह दूसरों की बातें सुनकर फैसला करेगा जिसका परिणाम यह होगा कि चाटुकारों का बोलबाला हो जाएगा। किसी ने तर्प दिया कि उल्लू रात में देख सकते हैं इसलिए वह रात में हमारी समस्या सुलझा देंगे। कौवे ने कहा- ऐसा राजा मुझे मंजूर नहीं जो रात में आकर हमारी नींद हराम करे। फिर हम पक्षी रात में ठीक से देख नहीं पाते। हम पहचानेंगे कैसे कि उल्लू ही आया है।

इस बात का लाभ उठाकर कोई राक्षस उसकी जगह आ सकता है और हमें मारकर खा सकता है। पक्षियों ने मान लिया कि राजा ऐसा होना चाहिए, जिसे प्रजा के दुख-दर्द दिखाई तो पड़ें। अंत में गरुड़ को ही राजा बनाए रखने का फैसला किया गया।

# फील्ड मार्शल या फेल्ड मार्शल? असीम मुनीर का अगला प्रमोशन राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री पद पर?



नीरज कुमार दुबे



फील्ड में हारने वाले को वैसे तो फेल्ड कहते हैं लेकिन पाकिस्तान ऐसे लोगों को फील्ड मार्शल कहता है। देखा जाये तो भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान बुरी तरह पिटने वाले पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मौलाना असीम मुनीर को पाकिस्तान सरकार की ओर से प्रमोशन देकर उन्हें फील्ड मार्शल बनाना उसी पुरानी कड़ी का दोहराव है जिसके तहत हर हार के बाद पाकिस्तानी सेना को वहां का शासन 'हार' पहनाता है।

इसके अलावा, अपनी सेना के विफल होने के बावजूद जिस तरह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष की हर मंच से जमकर तारीफ की और फिर उन्हें फील्ड मार्शल बनाना पड़ा वह दशार्ता है कि वह नहीं चाहते कि जैसा उनके भाई ने भुगता वैसा ही वह भी भुगतें। उल्लेखनीय है कि शहबाज शरीफ के भाई नवाज शरीफ की सत्ता को पलट कर तत्कालीन पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल परवेज मुशर्रफ ने पाकिस्तान की सत्ता संभाल ली थी। असीम मुनीर भी पाकिस्तान पर राज करना चाहते हैं यह बात वहां के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भलीभांति जानते हैं इसलिए वह पर्दे के पीछे से सारा नियंत्रण असीम मुनीर को चलाने दे रहे हैं ताकि उनकी खुद की गाड़ी भी चलती रहे। जरदारी और शहबाज अच्छी तरह जानते हैं कि उनका अपने पद पर बने रहना लोकतंत्र पर नहीं, बल्कि मुनीर की कृपा पर निर्भर करता है।

फील्ड मार्शल बनने के बाद असीम मुनीर अगली पदोन्नति के रूप में कौन-सा पद चाहेंगे यह देखने वाली बात होगी, वैसे यह तो है कि पाकिस्तान के इतिहास में इस पद पर पदोन्नत होने वाले वह दूसरे शीर्ष सैन्य अधिकारी बन गये हैं। उनसे पहले जनरल अयूब खान को 1959 में फील्ड मार्शल का पद दिया गया था। मुनीर ने पाकिस्तान की दोनों शक्तिशाली जासूसी एजेंसियों- आईएसआई और मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) का नेतृत्व किया है। वह पाकिस्तान के इतिहास में टकऔर क्रकदोनों का नेतृत्व करने वाले एकमात्र अधिकारी हैं और पहले ऐसे सेनाध्यक्ष भी हैं जिन्हें प्रतिष्ठित “स्वॉर्ड ऑफ ऑनर” से सम्मानित किया गया है। असीम मुनीर ने नवंबर 2022 में सेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने जनरल कमर जावेद बाजवा का स्थान लिया था जो लगातार तीन वर्षीय दो कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए थे।

वैसे असीम मुनीर ने अब तक कोई लड़ाई जीती नहीं है और सिर्फ कट्टरपंथ को ही आगे बढ़ाया है। लेकिन फिर भी उनकी पदोन्नति को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए यह याद करना जरूरी है कि पाकिस्तान के पहले फील्ड मार्शल अय्यूब खान अपने देश के पहले सफल सैन्य तख्तापलट के सूत्रधार भी थे। 1958 में तत्कालीन राष्ट्रपति इस्कंदर मिर्जा के समर्थन से अय्यूब खान ने मार्शल लॉ लागू किया और जल्द ही राष्ट्रपति पद से मिर्जा को हटाकर स्वयं सत्ता संभाल ली थी। यही वह उदाहरण था जिसने पाकिस्तान में सैन्य शासन की परंपरा को जन्म दिया और सेना के नागरिक शासन में दखल को सामान्य बना दिया।

हम आपको बता दें कि पाकिस्तान में फील्ड मार्शल के प्रभाव की कोई संवैधानिक सीमा नहीं है, खासकर उस व्यवस्था में जो बार-बार अपने ही संविधान की अनदेखी करती है। इतिहास भी यही दशार्ता है कि पाकिस्तान में सत्ता मतपेटियों में नहीं, सेना की छावनियों में रहती है। पाकिस्तान का इतिहास यही बताता है कि सरकार के नेतृत्व के लिए यही बेहतर होता है कि वे अपने पासपोर्ट हमेशा तैयार रखें। दरअसल पाकिस्तान में नाममात्र का लोकतंत्र है, वास्तव में वह शुरू से ही सेना-प्रधान राष्ट्र बना हुआ है।

# संसदीय प्रतिनिधिमंडल : अपना पक्ष रखने की कवायद



डॉ. घनश्याम बादल



परमाणु बम की धमकी एवं गीदड़ भभकी देने वाले पाकिस्तान की हालत चार दिन की जंग के बाद ही खस्ता हो गई और जब भारत ने उसके तेरह में से ग्यारह एयरबेस क्षतिग्रस्त कर दिए और कम से कम छह पूरी तरह तबाह कर दिए व उसकी मिसाइलें एवं लड़ाकू विमान मार गिराए तथा ब्रह्मोस का प्रयोग करते हुए (यदि मीडिया की रिपोर्ट को सच मानें तो) उसे परमाणु बम के उपयोग करने की संभावना से भी वंचित कर दिया तब आनन फानन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट करके दुनिया को इस संघर्ष विराम या सीजफायर की जानकारी दी तो एक तरह से दक्षिण एशिया एवं दुनिया ने राहत की सांस ली। वहीं यदि ट्रंप के वक्तव्य को मानें तो लाखों लोग मरने से बचे।

लेकिन यहीं से देश में राजनीतिक उठापटक शुरू हो गई। विपक्ष ने मुखर होकर पूछा कि ऐसे क्या कारण थे जिनकी वजह से अचानक ही संघर्ष विराम की घोषणा करनी पड़ी और विभिन्न कोणों से सरकार पर जब हमले हुए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मई को देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है। अभी तो उसे केवल स्थगित किया गया है।

उन्होंने कड़े शब्दों में पाकिस्तान एवं आतंकवादियों सहित दूसरे देशों को भी चेतावनी दे दी कि भारत के आंतरिक मामलों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप सहन नहीं किया जाएगा तथा आतंक की किसी भी घटना को “एक्ट ऑफ वॉर” समझा जाएगा जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भले ही सरकार एवं विभिन्न रक्षा विशेषज्ञों की दृष्टि में भारत का पलड़ा इस संघर्ष में भारी रहा तथा पाकिस्तान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा लेकिन दुनिया में अपना पक्ष रखना भी बहुत जरूरी था। इसलिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया जिनका नेतृत्व जाने-माने नेताओं को सौंपा गया। 59 सदस्यों वाले इन साथ प्रतिनिधिमंडलों में लगभग सभी प्रमुख दलों के सदस्यों को शामिल किया गया लेकिन विवाद तब उठ खड़ा हुआ जब कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के नेता शशि थरूर को अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेता चुने जाने के बावजूद इस पर आपत्ति दर्ज कराई।

कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि जिन चार नेताओं के नाम कांग्रेस ने दिए थे उनमें से केवल आनंद शर्मा को ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है, और सरकार में अपनी मर्जी से ही शशि थरूर एवं सलमान खुर्शीद जैसे नेताओं को कांग्रेस का प्रतिनिधि बना कर भेजने का निर्णय लिया जो उसके लिए आपत्तिजनक है। एक तरह से देखें तो कांग्रेस का पक्ष अनुचित नहीं है क्योंकि हर दल को अपने उपयुक्त नेता को ऐसे प्रतिनिधिमंडलों में शामिल कराने का अधिकार है, लेकिन सरकार का कहना है कि उसने ऐसी कोई सूची मांगी ही नहीं थी तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिन नेताओं को उसने योग्य पाया उनका चयन इन प्रतिनिधिमंडलों में किया गया है।

इस दृष्टि से सरकार का पक्ष भी सही है क्योंकि जब राष्ट्र की बात आती है तब दल नहीं योग्यता प्रमुख हो जाती है। इसका उदाहरण स्वयं कांग्रेस की नरसिंह राव के नेतृत्व वाली सरकार ने उस समय दिया था जब 1994 में संयुक्त राष्ट्र में भारत का पक्ष रखने के लिए उसने अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भेजा था तो कह सकते हैं कि ऐसी परंपरा की शुरू आत स्वयं कांग्रेस ने की थी।

वैसे ऐसा भी नहीं है कि पहली बार किसी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजे हैं। इससे पूर्व भी ऐसे प्रतिनिधिमंडल भेजे जाते रहे हैं। 2008, 1971 एवं 1965 में भी सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा गया था। जिस तरह भारत के सभी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर पाकिस्तान की तरफ से खड़े किए गए संकट में साथ दिया वह प्रशंसनीय कदम था लेकिन संघर्ष विराम के बाद से ही जिस तरह की राजनीति की जा रही है, उससे इस बात का भी अंदेशा है कि सेना द्वारा लगभग जीती गई जंग की महत्ता को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता कहीं महत्त्वहीन न कर दे। इसलिए सभी राजनीतिक दलों, चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के हों, को ध्यान देना होगा कि ऐसा परिदृश्य न प्रस्तुत करें कि दुनिया भर में भारत की जगहंसाई हो।

खैर, एक बार फिर से लौट कर चिंतन करते हैं कि इन प्रतिनिधिमंडलों के गठन का लक्ष्य क्या है तथा ये भारत के किस-किस पक्ष को दुनिया के सामने रखेंगे और पाकिस्तान के किन षड्यंत्रों एवं आतंकवादी मानसिकता को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार के एजेंडे के अनुसार ये प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में जाकर उन परिस्थितियों के बारे में अवगत कराएंगे जिनके चलते भारत को पलट कर वार करना पड़ा तथा किस तरह पाकिस्तान अपने पाले हुए आतंकवादियों के माध्यम से भारत को निरंतर संकट में डालता रहा है। उनका एक बिंदु यह भी होगा कि यदि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष या अन्य देशों द्वारा अनावश्यक रूप से आर्थिक सहायता दी जाती है, तो यह देश इसका इस्तेमाल सभी शतरे एवं नियमों को अनदेखा करके हथियार खरीदने एवं आतंकवादियों को शह देने के लिए करेगा। बेशक, विपक्ष का काम है सरकार की कमियों को उजागर करना पर सबसे मुख्य बात है कि क्षणिक आवेश या निहित स्वार्थ के चलते भारत के हितों की अनदेखी न होने पाए।

## खबर संक्षेप

### लॉजिस्टिक्स एजिस वोपैक का आईपीओ 26 मई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स ने अपने 2,800 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 223-235 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी बयान के अनुसार, आईपीओ 26 मई को खुलेगा और 28 मई को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 23 मई को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, यह निर्गम पूरी तरह से 2,800 करोड़ रुपये के नए शेयर पर आधारित है और इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई घटक नहीं है।

### इंडिगो का लाभ 62 फीसदी बढ़कर 3068 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 62 प्रतिशत उछलकर 3,068 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,894.8 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने बुधवार को बताया कि यह उसका चौथी तिमाही का अब तक का सर्वाधिक मुनाफा है। इसके निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर 10 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है।

### आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी ने सौर सेवाओं के लिए किए करार



**नई दिल्ली।** आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज ने एक प्रमुख अक्षय ऊर्जा कंपनी की 639 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाओं के लिए परिचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) सेवाएं प्रदान करने के वास्ते समझौते किए हैं। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इससे आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी का सौर परिचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) खंड 1.6 गीगावाट तक पहुंच गया और समग्र अक्षय ऊर्जा ओएंडएम खंड पांच गीगावाट को पार कर गया है।

### ब्रिटेन में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 3.5 प्रतिशत पर




**लंदन।** ब्रिटेन में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर एक साल से अधिक के उच्चतम स्तर पर 3.5 प्रतिशत पहुंच गयी। मुख्य रूप से ऊर्जा और पानी जैसे घरेलू बिल बढ़ने से महंगाई दर बढ़ी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर अप्रैल में में 3.5 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 2.6 प्रतिशत थी। अप्रैल की महंगाई दर जनवरी, 2024 के बाद से सबसे अधिक है। इतना ही नहीं यह वृद्धि अक्टूबर, 2022 के बाद से सबसे बड़ी है। उस समय रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर ऊर्जा संकट चरम पर था।

### एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का लाभ तीन गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग तीन गुना होकर 233.21 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का जनवरी-मार्च, 2024 में मुनाफा 80.95 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में एनजीईएल की आय सालाना आधार पर 553.06 करोड़ रुपये से बढ़कर 751.50 करोड़ रुपये हो गई। व्यय 444.63 करोड़ रुपये रहा।

# भारतीय मूल के वैभव तनेजा ने सैलरी के मामले में पिचाई, नडेला को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल के टेस्ला के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) वैभव तनेजा ने 2024 में कुल 139.5 मिलियन डॉलर करीब 1,139 करोड़ रुपए की सैलरी कमाई है। यह उनकी बेस सैलरी से कहीं ज्यादा है, जो सिर्फ 4 लाख डॉलर रही। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी ये कमाई खास तौर से स्टॉक ऑप्शन और इक्विटी अवॉर्ड के जरिए हुई, जो उन्हें प्रमोशन के बाद मिले थे।

## टेस्ला के सीएफओ तनेजा ने 2024 में 1,139 करोड़ रुपए की सैलरी कमाई

### स्टॉक ग्रोथ ने बढ़ाई वैल्यू

वैभव तनेजा को यह स्टॉक बेस्ड कंपनसेशन 2023 में उनके सीएफओ बनने के बाद दिया गया था। उस समय टेस्ला का शेयर करीब 250 डॉलर था, जो 4 साल की वेस्टिंग पीरियड के साथ अलॉट किया गया। 19 मई 2025 तक टेस्ला का शेयर 342 डॉलर तक पहुंच गया, जबकि कंपनी इस दौरान ईवी डिलीवरी में गिरावट और लो प्रॉफिट मार्जिन जैसी चुनौतियों से जूझ रही थी।

### कौन हैं वैभव तनेजा?



वैभव तनेजा का जन्म भारत में हुआ है। यानी वो मूल रूप से भारतीय हैं और 1999 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से कॉमर्स की पढ़ाई की है। उन्होंने साल 2000 में आईसीएआई से चार्टर्ड अकाउंटेंट और फिर 2006 में अमेरिका से सीपीए की डिग्री हासिल की। वह 2017 में टेस्ला से जुड़े थे। इससे पहले वह सोलार सिटी में काम कर रहे थे, जिसे टेस्ला ने 2016 में खरीद लिया था। वहां वह वाइस प्रेसिडेंट और बाद में कॉर्पोरेट कंट्रोलर के पद पर थे। उन्होंने सोलार सिटी और टेस्ला के इंटीग्रेशन की जिम्मेदारी भी संभाली थी।

### 20 साल से ज्यादा का फाइनेंस अनुभव

वैभव तनेजा को इस फील्ड में दो दशकों यानी 20 साल से ज्यादा का एक्सपीरिएंस है। वह टेस्ला की ग्लोबल ग्रोथ और फाइनेंशियल प्लानिंग का अहम हिस्सा हैं। उनकी यह सैलरी न केवल टेस्ला के अंदर उनकी अहमियत को दिखाती है, बल्कि इंडियन टैलेंट की ग्लोबल पहचान का भी एक शानदार उदाहरण है।

### सीएफओ के लिए अब तक का सबसे बड़ा पैकेज

टेस्ला सीएफओ को मिला यह पैकेज निकोला कंपनी के 2020 में मिले 86 मिलियन डॉलर के पुराने रिकॉर्ड से भी बड़ा है। निकोला बाद में 2024 में बैंकरप्ट हो चुकी है। इस लिहाज से वैभव तनेजा का कंपनसेशन अब तक का सबसे हाई सीएफओ सैलरी पैकेज माना जा रहा है। बता दें कि वैभव तनेजा यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग पैकेज ऐसे समय में सामने आया है जब टेस्ला इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री की बड़ी चुनौतियों से जूझ रही है।

टेस्ला के सीएफओ के तौर पर वैभव तनेजा ने सैलरी के मामले में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला की 2024 की सैलरी को भी पीछे छोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार, सत्य नडेला को 2024 में 79.1 मिलियन डॉलर का कंपनसेशन मिला, जबकि सुंदर पिचाई की कमाई सिर्फ 10.73 मिलियन डॉलर रही। वैभव तनेजा की सैलरी को अब तक के सबसे बड़े सीएफओ कंपनसेशन में से एक माना जा रहा है।

## जेएलआर टाटा समूह की लक्जरी वाहन विनिर्माता कंपनी

# भारतीय कारोबार में बैटरी-इलेक्ट्रिक वाहन की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी : जेएलआर

एजेंसी ▶▶| गेडॉन (ब्रिटेन)

टाटा समूह की लक्जरी वाहन विनिर्माता कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को उम्मीद है कि अगले तीन-चार साल में भारत में उसके कारोबार में इलेक्ट्रिक वाहनों का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा, क्योंकि कंपनी देश में हरित वाहनों की तेजी से स्वीकार्यता की उम्मीद के बीच अपना पोर्टफोलियो बना रही है।

**भारत में हरित वाहनों की तेजी से स्वीकार्यता बढ़ रही**

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाले इस प्रमुख ब्रांड की योजना 2030 तक देश में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के लगभग आठ संस्करण उतारने की है। इसमें रेंज रोवर बीईवी भी शामिल है, जिसे अगले साल भारत में पेश किए जाने की उम्मीद है। जेएलआर के पास फिलहाल देश में अपने पोर्टफोलियो में कोई भी बीईवी नहीं है।

## कंपनी 2030 तक बाजार में बीईवी के आठ संस्करण उतारेगी

### उपभोक्ता का भरोसा बढ़ेगा

जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने यहां कहा, "मुझे लगता है कि ईवी उन चीजों में से एक है जो एक ऐसे बिंदु पर पहुंच जाएगी जहां यह तेजी से आगे बढ़ेगी। यह पहले से ही तेजी से आगे बढ़ रही थी, लेकिन थोड़ी धीमी हो गई। अब जब हर विनिर्माता निवेश कर रहा है, तो मुझे लगता है कि कई लोगों की शक्ति इस (खंड) को और आगे बढ़ाएगी, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा।"



### बैटरी की कीमतों में कमी लाने के प्रयास जारी

अंबा ने कहा कि सरकार की सही नीतियों के कारण बैटरी की कीमतों में कमी और 'माइलेज' में वृद्धि के साथ, देश में ईवी क्षेत्र सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। अंबा ने कहा, किसी भी कारण से, इसकी (ईवी बिक्री) थोड़ी धीमी हो गई है, शायद विदेशी भावना से प्रभावित होकर।

### लक्जरी खंड में ईवी की स्वीकार्यता बढ़ी

अंबा ने कहा कि जब कई ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) आगे आते हैं, तो इससे बाजार बनाने में मदद मिलती है, जो तब संभव नहीं होता जब केवल एक ही इकाई इस क्षेत्र में काम कर रही हो। अंबा ने कहा कि घरेलू बाजार में लक्जरी खंड में ईवी की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ी है और पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न वाहन विनिर्माताओं को अपनी कुल मात्रा के मामले में पहले ही लाभ मिल चुका है।

### चार्जिंग ढांचा बनाने में तेजी लाई जाएगी

अंबा ने उम्मीद जताई कि बाजार की धारणा को देखते हुए, रेंज रोवर बीईवी से भी घरेलू बाजार में मजबूत मांग पैदा होने की उम्मीद है। अंबा ने कहा कि एकमात्र कमी जो है और जिसे तेज करने की जरूरत है, वह है चार्जिंग अवसंरचना बनाने में तेजी, जिससे संभावित ग्राहकों को भरोसा मिलेगा।

### कंपनी अन्य के साथ मिलकर काम कर रही

अधिकारी ने कहा कि जेएलआर इस संबंध में टाटा मोटर्स और समूह की अन्य कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। अपने वैश्विक पर्यावरण अनुकूल लक्ष्य के तहत, जेएलआर का लक्ष्य 2039 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना है।

# सोने में 1910 और चांदी में 1660 रुपए की तेजी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने से सुरक्षित निवेश के तौर पर खरीदारी का दौर शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,910 रुपये बढ़कर 98,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

■ वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोना बढ़कर 98,450 रुपये पर

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,870 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया, जो पिछले दिन 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''कमजोर डॉलर ने सोने की कीमतों को सहारा दिया। मूडीज द्वारा राजकोषीय घाटे की चिंताओं के कारण अमेरिकी साख रेटिंग को नीचा किये जाने के बाद निवेशक सॉवरेन जोखिम का भी मूल्यांकन कर रहे हैं।''

मेहता ने कहा कि इसने अमेरिकी वित्त की दीर्घकालिक स्थिरता के बारे में अनिश्चितता बढ़ा दी है, जिससे निवेशकों को सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अलावा, बुधवार को चांदी की कीमतें 1,660 रुपये बढ़कर 99,160 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।


## शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी

# बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 410 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 410 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 130 अंक के लाभ में रहा।

एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के बीच एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 410.19 अंक चढ़कर 81,596.63 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,813.45 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, नेस्ले, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड और आईटीसी शामिल हैं।

### एशियाई बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे।

## असत्यापित लोगों से आने वाले अनचाहे संदेशों से किया आगाह

# सेबी ने निवेशकों को सोशल मीडिया की धोखाधड़ी को लेकर किया आगाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को निवेशकों को असत्यापित लोगों से आने वाले अनचाहे संदेशों के प्रति आगाह किया और उनसे ऐसे व्हाट्सएप 'ग्रुप' या 'कम्युनिटीज' का हिस्सा न बनने को कहा।

सेबी की यह चेतावनी ऐसे मामलों में बढ़ोतरी के बीच आई है, जहां कुछ कंपनियां प्रतिभूति बाजार में भोले-भाले निवेशकों को लुभाने और धोखाधड़ी के लिए सोशल मीडिया मंच का उपयोग कर रही हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी जांच में पाया है कि ऐसी इकाइयां निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीतने के लिए कई तरह की रणनीति अपनाती हैं। ये इकाइयां संभावित ग्राहकों को लक्षित करके व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होने के लिए अक्सर 'वीआईपी ग्रुप' या 'फ्री ट्रेडिंग कोर्स' (शेयर बाजार कारोबार का निःशुल्क पाठ्यक्रम) जैसे नामों से लिंक के रूप में अनचाहे निमंत्रण भेजती हैं। खुद को भरोसेमंद दिखाने के लिए ये इकाइयां अक्सर नकली प्रोफाइल बनाती हैं जो उन्हें प्रतिभूति बाज़ार के विशेषज्ञ के रूप में दर्शाती हैं। कई मामलों में वे सेबी के पास पंजीकृत मध्यस्थों, मशहूर सार्वजनिक हस्तियों या स्थापित संगठनों के सीईओ/ एमडी का भी फर्जी रूप धारण करते हैं। ये इकाइयां बड़े मुनाफे के फर्जी प्रमाण दिखाकर निवेशकों का शोषण करते हैं। ये प्रमाण भी कथित तौर पर समूह के अन्य सदस्य ही पेश करते हैं जो असल में इस घोटाले में मददगार होते हैं। ऐसे में भोले-भाले निवेशक इस भ्रामक चित्रण से प्रभावित होकर इन कंपनियों के बैंक खातों में धन हस्तांतरित करने के लिए प्रेरित हो जाते हैं।

### प्रामाणिक ट्रेडिंग ऐप के जरिए ही लेनदेन करें

बाजार नियामक ने संभावित निवेशकों का ध्यान इन सभी बिंदुओं की तरफ आकृष्ट करते हुए कहा, "वे असत्यापित लोगों से आने वाले ऐसे अनचाहे संदेशों पर भरोसा न करें और ऐसे व्हाट्सएप ग्रुप/कम्युनिटी में शामिल होने से बचें। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे केवल सेबी-पंजीकृत मध्यस्थों और प्रामाणिक ट्रेडिंग ऐप के जरिये ही लेनदेन करें।"

## बिजनेस साइट

### एक्सिस बैंक ने अंतरा सीनियर के साथ की बड़ी साझेदारी

**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल से जुड़े एकमात्र एकीकृत परितंत्र और मैक्स इंडिया लिमिटेड की पूर्ण मालिकी वाली सहायक कंपनी, अंतरा सीनियर केयर के साथ गठजोड़ किया है, ताकि भारत की बुजुर्ग आबादी के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके। इस साझेदारी के ज़रिये, अंतरा अपने विभिन्न किस्म के उत्पाद और सेवाओं की पेशकश करेगा, जिसमें केयर होम्स, केयर एट होम और अपने विशिष्ट मार्केटप्लेस एजीज़ी तक पहुंच शामिल होगी। एजीज़ी एक विशिष्ट ऑनलाइन और ऑफलाइन मार्केटप्लेस है, जिसमें पुरानी बीमारियों के प्रबंधन का समर्थन करने के लिए विशिष्ट उत्पाद और समाधान शामिल हैं। ये सेवाएं एक्सिस बैंक के सिल्वर लाइनिंग्स प्रोग्राम के 20 लाख से अधिक ग्राहकों को उपलब्ध होंगी, जो 60 वर्ष से अधिक उम्र के ग्राहकों की विविध वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पहल है।

### दुनिया में जारी ट्रेड वॉर के बीच एल्युमीनियम की अहमियत बढ़ी

**नई दिल्ली।** आज जब कई देश व्यापारिक तनाव और टैरिफ युद्धों से जूझ रहे हैं, तब एल्युमीनियम जैसी धातुओं की रणनीतिक भूमिका तेजी से बढ़ रही है। अमेरिका द्वारा स्टील और एल्युमीनियम पर भारी टैरिफ लगाए जाने से वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। ऐसे में भारत जैसे खनिज समृद्ध देश को यह अवसर भुनाना चाहिए, खासकर एल्युमीनियम के क्षेत्र में, जो अपनी हल्की, टिकाऊ और रिसाइक्लेबल प्रकृति के कारण एयरक्राफ्ट, रेलवे और मोबाइल जैसे क्षेत्रों में बेहद जरूरी बन चुका है। इसी संदर्भ में वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने अपनी हालिया लिंक्डइन पोस्ट में कहा कि भारत के पास यह बड़ा मौका है कि वह दुनिया का एल्युमीनियम हब बने। उन्होंने बताया कि अमेरिका के टैरिफ के जवाब में भारत ने स्टील पर 12% सेफगार्ड ड्यूटी लगाकर अच्छा कदम उठाया है, और अब सरकार को एल्युमीनियम के लिए भी ऐसे ही नीति कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत के पास भरपूर बॉक्साइट है, जो एल्युमीनियम बनाने का कच्चा माल है। ऐसे में भारत ऑस्ट्रेलिया, गिनी और चीन जैसे देशों की तरह एक बड़ा प्लेयर बन सकता है।

### शाहरुख खान बने कैनडियर के नए ब्रांड एम्बेसडर

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अब कल्याण ज्वैलर्स के लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड कैनडियर का चेहरा बन गए हैं। कंपनी ने घोषणा की कि शाहरुख को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। यह कदम ब्रांड की देशभर में पहुंच बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। इस साझेदारी से ब्रांड को युवा और डिजिटली जुड़े उपभोक्ताओं से जुड़ने की उम्मीद है। कंपनी के डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, आज के ग्राहक ऐसी ज्वैलरी चाहते हैं जो उनके व्यक्तित्व और जीवनशैली के अनुकूल हो। शाहरुख खान एक ऐसे सितारे हैं जो सभी पीढ़ियों में लोकप्रिय हैं और ब्रांड की सोच से पूरी तरह मेल खाते हैं। कैनडियर न सिर्फ महिलाओं बल्कि पुरुषों के लिए भी खास कलेक्शन पेश करता है और अब यह पुरुषों की ज्वैलरी श्रेणी में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बना रहा है। 75 से अधिक रिटेल स्टोर्स के साथ और ऑनलाइन व ऑफलाइन मौजूदगी के ज़रिये ब्रांड देशभर में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।



## मैक्रोटेक के सीईओ लोढ़ा ने कहा एकीकरण लंबे समय तक जारी रहेगा

# रियल एस्टेट बाजार में 'एकीकरण की तिकड़ी' सक्रिय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक लोढ़ा ने कहा है कि भारतीय संपत्ति बाजार में 'एकीकरण की तिकड़ी' देखने को मिल रही है, जिसमें उपभोक्ता, ऋणदाता और भूस्वामी कुछ प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनियों के ही साथ काम करना पसंद कर रहे हैं। अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल मैक्रोटेक डेवलपर्स के शीर्ष अधिकारी का मानना है कि संपत्ति बाजार में यह एकीकरण लंबे समय तक जारी रहेगा। लोढ़ा ने मांग सुस्त पड़ने को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कहा, हमें लगता है कि इस समय एकीकरण की तिकड़ी काम कर रही है। यह उपभोक्ता, ऋणदाता और भूमि मालिक तीनों पक्षों पर होने वाला एकीकरण है।

## उपभोक्ता, ऋणदाता और भूस्वामी कुछ बड़े कंपनियों के साथ कर रहे काम



### एकीकरण को अभी लंबा रास्ता तय करना है

तीनों पक्ष केवल गिने-चुने डेवलपर के ही साथ काम करना चाहते हैं। विश्लेषकों के साथ चर्चा में लोढ़ा ने कहा, "यह बहुत स्पष्ट है कि इस एकीकरण को अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है, और यह लंबे समय तक चलता रहेगा। इस क्षेत्र में एकीकरण का दौर अभी खत्म नहीं होने वाला है।"

### प्रतिष्ठित बिल्डरों की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा

संपत्ति सलाहकारों के मुताबिक, कोविड महामारी के बाद भारतीय रियल एस्टेट में उपभोक्ताओं को घर देने के बढ़िया रिकॉर्ड वाले प्रतिष्ठित बिल्डरों की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा है। मांग सुस्त पड़ने से जुड़ी चिंताओं पर लोढ़ा ने कहा, "मुझे लगता है कि सुस्ती किसी एक खंड तक सीमित होगी और सभी खंड तक नहीं फैली है। मसलन, पिछले तीन वर्षों में मध्यम-आय खंड का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।"

### सुस्ती का असर शीर्ष डेवलपर पर कम

लोढ़ा ने कहा, "सुस्ती के दौर में भी आप देखेंगे कि शीर्ष डेवलपर पर इसका असर कम होगा या एकदम नहीं होगा। इसकी वजह यह है कि सुस्ती अनिवार्य रूप से कमजोर लोगों को प्रभावित करती है।" पिछले वित्त वर्ष में मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग 21 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 17,630 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 14,520 करोड़ रुपये थी। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 21,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेचना है, जो सालाना 19 प्रतिशत अधिक है।





# बब्बू मान और गुरु रंधावा मेरे रोल मॉडल है

टीवी के हिट शो छोटी सरदारनी में मेहर के किरदार से मशहूर हुई एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया अब सिनेमा की दुनिया में कदम रख रही हैं। वह अपनी पहली पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार के ज़रिए बड़े पर्दे पर डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में वह बब्बू मान और गुरु रंधावा जैसी जानी-मानी हस्तियों के साथ काम कर रही हैं। निमृत ने कहा, बब्बू मान सर और गुरु रंधावा के साथ काम करना मेरे लिए बहुत ही प्रेरणादायक अनुभव था। मैं बचपन से इन दिग्गजों को देखती, सुनती और उनकी सराहना करती आई हूं। वे मेरे लिए रोल मॉडल की तरह हैं।

उन्होंने कहा, पहले दिन से ही, उन्होंने गर्मजोशी और सम्मान के साथ मेरा स्वागत किया। बब्बू सर अपने अभिनय में इतनी गहराई और गंभीरता लाते हैं कि सेट पर हर कोई अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित होता है। वहीं गुरु इतने स्वाभाविक रूप से आकर्षक और सहयोगी हैं कि उनके साथ काम करना बहुत सहज लगता है। एक्शन और कट के बीच, मैं बहुत कुछ सीख रही थी, जैसे कोई मास्टरक्लास चल रही हो। शौंकी सरदार की कहानी समाज, संस्कृति, और बदलाव से जुड़ी है। यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि सोचने के लिए प्रेरित करने वाली फिल्म है। सेट से जुड़े सूत्रों ने निमृत, बब्बू मान और गुरु रंधावा, तीनों के बीच एक मजबूत दोस्ती का खुलासा किया। सूत्रों ने बताया, वे न केवल ऑनस्क्रीन बल्कि ऑफस्क्रीन भी खूब मजाक-मस्ती करते हैं। उनकी दोस्ती और आपसी समझ परदे पर भी साफ झलकती है।

हाल ही में फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें पंजाब की संस्कृति, जीवनशैली और जज्बातों को खूबसूरती से दर्शाया गया। फिल्म में जमकर एक्शन सीन हैं, लेकिन यह भाईचारे और गहरे पारिवारिक रिश्तों को भी उजागर करती है। ट्रेलर में गुरु रंधावा को मजेदार किरदार निभाते हुए दिखाया गया है, जो कहानी में दिलचस्प मोड़ लाते हैं और उसे आगे बढ़ाते हैं। इस फिल्म का निर्देशन धीरज केदारनाथ रत्तन ने किया है। वहीं ईशान कपूर, शाह जंडियाली, धर्मिंदर बाटोली और हरजोत सिंह इसे मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और बॉस म्यूजिका रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले 751 फिल्म्स के सहयोग से किया गया है। यह फिल्म 16 मई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।




# चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान का हिस्सा बने आशुतोष राणा

दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने ऐतिहासिक महाकाव्य चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान का हिस्सा बनने पर गर्व जताया। दरअसल, राणा पृथ्वीराज चौहान के भरोसेमंद दोस्त चंद बरदाई के किरदार को अपनी आवाज दे रहे हैं। वह इस महाकाव्य गाथा के जरिए दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। शो का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा करते हुए, आशुतोष राणा ने कहा, मैं बचपन में पृथ्वीराज चौहान की कहानियां सुनता था, जो मेरे दिल में गहराई तक बस गईं। अब जब उन्हें इन्हीं कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से बहुत खास अनुभव है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने हमेशा माना है कि आवाज में बहुत ताकत होती है। इस नैरेशन के जरिए, मैं कहानी में गहराई और गरिमा लाना चाहता हूं। जो भावनाएं मैं लेकर चल रहा हूं, वो ताकत, जुनून और सम्मान से जुड़ी हैं और ये इस शो की आत्मा से मेल खाती है।

चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान एक ऐतिहासिक धारावाहिक है, जो महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन के सफर को दिखाती है कि कैसे एक मासूम, युवा राजकुमार धीरे-धीरे एक महान और सम्मानित सम्राट बनता है। कहानी दिखाती है कि कैसे पृथ्वीराज चौहान ने खुद को एक शक्तिशाली योद्धा और सम्राट में बदला। शो में उन महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया गया है जो पृथ्वीराज को इतिहास में अमर बनाते हैं, जैसे युद्ध, राजनीतिक निर्णय और बलिदान। यह सिर्फ एक राजा की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस यात्रा की गाथा है जिसमें एक युवा बालक संघर्षों, वीरता और निर्णयों के जरिए एक ऐसा सम्राट बनता है, जिसकी विरासत आज भी भारतीय इतिहास में चमकती है। यह सीरीज प्रेरणा, शौर्य और नेतृत्व की जीवंत झलक है। इस शो में अनुजा साठे, रोनित रॉय, रूमी खान और पद्मिनी कोल्हापुरी अहम किरदार में हैं। दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद टीवी पर शानदार वापसी कर रही हैं। वह राजमाता की शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी।

# रश्मिका मंदाना संग शादी पर विजय देवरकोंडा का रिएक्शन



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के रिश्ते को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ छपता रहता है। हाल ही में विजय और रश्मिका की सगाई की खबरें भी आई थीं। अपने हालिया एक इंटरव्यू में विजय ने सगाई की अफवाहों, शादी और रश्मिका को लेकर बात की है।

रश्मिका को बताया खूबसूरत और मेहनती फिल्मफेयर मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में रश्मिका मंदाना के बारे में बात करते हुए विजय ने उन्हें मेहनती बताया। उन्होंने कहा- मैंने रश्मिका के साथ ज्यादा फिल्में नहीं की हैं। मुझे उनके साथ और फिल्में करनी चाहिए। वो एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वो एक खूबसूरत महिला हैं इसलिए केमिस्ट्री में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वह बहुत मेहनती हैं। वो अपने इच्छा और कॉन्फिडेंस से किसी भी चीज को हरा सकती हैं। वो दयालु हैं और अपने ऊपर बाकियों के आराम और खुशी को प्रायोरिटी देती हैं।

### फिलहाल शादी का कोई इरादा नहीं है

इंटरव्यू के दौरान रश्मिका को डेट करने की बात पर विजय ने ना तो इसे खारिज किया और ना ही स्वीकार किया। शादी की बात पर एक्टर ने कहा- मैं शादी जरूर करूंगा। फिलहाल मैं पार्टनर की तलाशा नहीं कर रहा हूं। विजय से जब पूछा गया कि क्या रश्मिका उनकी आदर्श पत्नी के पैमाने में फिट बैठती हैं? एक्टर ने जवाब में कहा- कोई भी अच्छी दिल वाली महिला इस पैमाने में फिट बैठती है। रश्मिका और विजय को अक्सर साथ देखा जाता है। दोनों को कई बार डेट पर जाते देखा गया है। जिसके चलते दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाह है। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। रश्मिका मंदाना हाल ही में फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ नजर आई थी। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म रिलीज होने के कुछ घंटे बाद रश्मिका को मुंबई के एक रेस्टोरेंट में रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के साथ देखा गया था। ऐसा कहा जा रहा था कि दोनों लंच डेट पर गए थे।

# ट्रेलर देखकर मेरे पापा खुशी से रो पड़े



सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं के हमलों की कहानी कहती फिल्म 'केसरी वीर' से दिल्ली की आकांक्षा शर्मा बतौर लीड हीरोइन डेब्यू कर रही हैं। सुनील शेट्टी को अभिनय में अपना गुरु मान चुकी आकांक्षा शर्मा से बातें...

### किस तरह का अनुभव रहा आपका फिल्म 'केसरी वीर' के सेट पर?

मैं तो मानती हूं कि ये महादेव की ही कृपा रही होगी कि मुझे सोमनाथ मंदिर पर बनी फिल्म से बड़े परदे पर शुरुआत करने के लिए चुना गया। मेरी ये पहली फिल्म है और मुझे सबसे अच्छा तब लगा जब फिल्म के सारे कलाकारों ने पहले दिन से ही सेट पर मेरा खास ख्याल रखा।

### सुनील शेट्टी के साथ काम का अनुभव कैसा रहा?

फिल्म में सुनील शेट्टी मेरे पिता का किरदार निभा रहे हैं। मैं अपनी पहली फिल्म को लेकर कितनी भी नर्वस रही हूं लेकिन जिस दिन मेरी शूटिंग उनके साथ थी, मुझे ऐसा लगा कि मैं तो इन्हें बरसों से जानती हूं। हमारे घर में उनकी फिल्में खूब देखी जाती थीं।

### और, जब पहले दिन उनके साथ कैमरे का सामना किया तब

हां, ये सच है कि जब पहले सीन की शूटिंग शुरू हुई तो मैं अपने संवाद ही भूल गई। लेकिन, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जिन सुनील शेट्टी की फिल्में देखकर हम बड़े हुए, उनके साथ अभिनय करने की बात तो मैंने कभी सपने में भी नहीं सोची थी। लेकिन, उन्होंने उस दिन जो गुरुमंत्र दिए, वे बहुत अनमोल हैं।

### फिल्मों में आने के लिए घरवालों का कितना साथ मिला है आपको?


जिस दिन फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, उस दिन मेरे पापा बहुत खुश थे। उनकी आंखों से खुशी के आंसू भी रह रहकर आ रहे थे लेकिन वह शायद किसी को ये दिखाना नहीं चाहते थे और किनारे जाकर अपनी आंखें पोछ रहे थे, तभी मेरे भाई ने चुपके से उनका ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

# फिल्म डॉन 3 में विलेन का किरदार प्ले करेंगे विक्रांत



फरहान अख्तर ने कुछ दिनों पहले अपनी फिल्क दिन 3 का ऐलान किया था। इसमें रणवीर सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे। आए दिन उनकी इस फिल्म से जुड़ी नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। फिल्म में विलेन की भूमिका के लिए निर्माताओं ने विक्रांत मैसी को चुना गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...रणवीर डॉन 3 में विक्रांत से भिड़ने के लिए तैयार हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। फिल्म का पहला शेड्यूल इस साल सितंबर में शूट किया जाएगा, जिसमें विक्रांत और रणवीर शामिल होंगे। डॉन 3 में रणवीर की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी थी, लेकिन उन्होंने अपनी गर्भावस्था के कारण इस फिल्म से किनारा कर लिया। खबर है कि अब उनकी जगह कृति सेनन ने ली है। डॉन का मूल संस्करण 1978 में आया था, जिसमें अमिताभ बच्चन ने डॉन की भूमिका निभाई थी और उनके साथ जीनत अमान मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। इसके बाद 2006 में फरहान ने शाहरुख के साथ डॉन का रीमेक बनाया।

# परेश रावल के फिल्म छोड़ने पर बोले सुनील शेट्टी



बॉलीवुड की चर्चित कॉमेडी फिल्मों की फ्रेंचाइजी 'हेरा फेरी' इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्टर परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' से खुद को अलग कर लिया है जिसके बाद फैंस काफी निराश हैं। 'बाबू भैया' के फिल्म छोड़ने की खबर पर जब 'श्याम' यानी सुनील शेट्टी परेश रावल के फिल्म छोड़ने की खबर पर बात करते हुए कहा, 'बिना बाबू भैया और अक्षय कुमार के राजू के 'हेरा फेरी' जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती।' सुनील ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि अगर परेश रावल फिल्म में नहीं होंगे, तो श्याम जैसे किरदार का वजूद ही खत्म हो जाएगा। उनका कहना है कि हेरा फेरी सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक अनुभव है, जो तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक तीनों कलाकार एक साथ न हों।



# मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, उन्होंने अगर मुझे चुना है तो मेरी तरफ से शुक्रिया

**राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म भूल चूक माफ को लेकर उत्साहित हैं, जिसमें वो अपनी शादी को लेकर टाइम लूप में फंस जाते हैं। उन्होंने पहली फिल्म से ही मेरी ये कोशिश रही है कि ऐसा काम करूं कि कभी टाइपकास्ट ना हो सकूं, ना ही कभी खुद को एक बॉक्स में डला हुआ महसूस करूं। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने बहुत कम समय में अपनी बड़ी पहचान बना ली है। इन दिनों वह फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं।**

### आपने कभी महसूस किया है कि कोई घटना या सिचुएशन देख कर आपको लगा हो कि ये तो पहले भी मेरे साथ हो चुका है?

मेरे साथ हुआ है। मुझे लगता है कि बहुत लोगों के साथ ऐसा होता होगा। उसका एक टर्म देजा वू नाम से है, लेकिन हमारी फिल्म उस विषय पर नहीं है। ये टाइम लूप पर है कि एक लड़के की 29 को हल्दी है और 30 को शादी है। वो उस 29 तारीख में फंस कर रह गया और हर रोज जब वह उठता है तो 29 तारीख होती है। ये हमारी फिल्म का कॉन्सेप्ट है। लेकिन मेरे साथ जिंदगी में एक-दो बार ऐसा हुआ है, जब मुझे लगता है कि ये सब पहले मेरे साथ हो चुका है।

### आप फिल्म में सरकारी नौकरी के लिए बहुत परेशान नजर आते हैं। आपके पिता भी सरकारी नौकरी में थे, तो क्या आपके ऊपर कभी सरकारी नौकरी करने को लेकर दबाव था?

सरकारी जॉब करने का दबाव तो कभी नहीं आया, क्योंकि स्कूल के समय से ही ये सोचा हुआ था कि ऐक्टिंग करनी है, फिल्मों में जाना है। लेकिन मैं ये जानता हूं कि हमारे देश में सरकारी नौकरी का क्या महत्व है। सरकारी नौकरी बहुत मायने रखती है। इस फिल्म में भी लड़की के पापा कहते हैं कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ, लड़की तुम्हारी। तो मैं जानता हूं कि आम परिवार में सरकारी नौकरी का मिलना कितना महत्व रखता है।

### आप नए-नए जोनर को ट्राई कर रहे हैं। तो अब आप अपने करियर को किस तरह देख रहे हैं?

मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, क्योंकि बहुत सारे लोग मुंबई शहर में ऐक्टर बनने के लिए आते हैं, तो अगर भगवान ने मुझे चुना है तो उसमें मेरी तरफ से सिर्फ शुक्रिया और धन्यवाद ही है। पहली फिल्म से ही मेरी ये कोशिश रही है कि ऐसा काम करूं कि कभी टाइपकास्ट ना हो सकूं, ना ही कभी खुद को एक बॉक्स में डला हुआ महसूस करूं। हर तरह के रोल और कहानी करते रहे। हर तरह के जोनर का एक्सप्लोर करूं और अच्छे डायरेक्टर के साथ काम करना है, क्योंकि ये मीडियम ही डायरेक्टर्स का मीडियम है। हम तो ऐक्टिंग करते हैं, फिल्म को तो डायरेक्टर ही बनाते हैं। आगे भी मेरा ऐसा ही प्लान है। नई-नई चीज करता रहा हूं, इसलिए मुझे कभी भी बोरिंग जैसा अहसास नहीं होता है।

### वामिका और करण शर्मा दोनों ही आपकी काफी तारीफ करते हैं। तो आप इतनी तारीफ को कैसे देखते हैं?

मैं दोनों की तरफ से खुद के लिए तारीफ सुनने के बाद नीचे देखने लगता हूं। दोनों खुद इतने अच्छे इंसान और टैलेंटेड हैं, तो मजा आता है जब आप इतने अच्छे लोगों के साथ काम करते हैं। सब बहुत रियल हैं, मिलकर अच्छी फिल्म बनाना चाहते हैं, और उस प्रोसेस को एंजॉय करना चाहते हैं।

### आज हम देख रहे हैं कि फिल्म के प्रमोशन सीमित होते जा रहे हैं, मेकर्स कम शहरों में जाते हैं, लेकिन आप देश के कोने-कोने में जा रहे हैं। कैसा अनुभव है?

लोगों से जाकर मिलना, उनसे मिलकर बात करना, ये काफी अच्छा अनुभव है। लोगों को आपकी फिल्म का ट्रेलर कैसा लगा ये आपको उनके बीच जाकर ही समझ आएगा। आप इंस्टाग्राम पर बैठकर ये चीजें नहीं समझ सकते हैं।

# भारत को 24 को मिलेगा नया टेस्ट कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित होगी टीम!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट टीम को नया कप्तान 24 मई को मिल सकता है। कप्तानी की दौड़ में शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा।

भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हो सकती है।

### गिल और पंत दावेदार

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है।

### चयन समिति की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होने की संभावना



### नए चेहरों को मिलेगी जगह

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का ऐलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था।

### डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की शुरुआत करेगा भारत

रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र की शुरुआत करेगी।

### भारत के लिए कठिन होगा इंग्लैंड का दौरा

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन होगा जिसके तीन दिग्गज खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शुभमन गिल का टेस्ट कप्तान बनना तय लग रहा है जबकि शीर्ष और मध्यक्रम नया होगा। राठौर ने कहा, 'यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा।'



खास खबर

## डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे रोरी मैकलरॉय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के ग्रैंडस्लैम विजेता गोल्फर रोरी मैकलरॉय ने इस साल के अंत में भारत में होने वाली 40 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली पहली 'डीपी वर्ल्ड इंडिया' चैंपियनशिप में भाग लेने की पुष्टि की है जिससे देश के गोल्फ को बढ़ावा मिलेगा।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मैकलरॉय की यह भारत में पहली प्रतियोगिता होगी। 'डीपी वर्ल्ड इंडिया' चैंपियनशिप 16 से 19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित की जाएगी।वर्ष 2025 मास्टर्स टूर्नामेंट के चैंपियन मैकलरॉय ने अप्रैल में यादगार अंदाज में करियर ग्रैंडस्लैम पूरा किया था और वैश्विक गोल्फ 'आइकन' बने। 2011 यूएस ओपन, 2012 और 2014 में यूएस पीजीए चैंपियनशिप तथा 2014 में 'द ओपन' में जीत के साथ उन्होंने अप्रैल में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता को वैश्विक स्मार्ट लॉजिस्टिक्स प्रदाता डीपी वर्ल्ड और डीपी वर्ल्ड टूर ने लांच किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बैंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

## सूर्यकुमार का अर्धशतक, बुमराह और सैंटनर को तीन-तीन विकेट

# मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम, दिल्ली को 59 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव (नाबाद 73 रन) के अर्धशतक के बाद मिचेल सैंटनर और जसप्रीत बुमराह के तीन तीन विकेट की बदौलत बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मुकाबले में दिल्ली कैपिट्स को 59 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बन गई। गुजरात टाइटन्स (18), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17), पंजाब किंग्स (17) पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थीं। मुंबई इंडियंस के इस जीत से 16 अंक हो गए जिससे उसने 11वीं बार नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया। दिल्ली कैपिटल्स (13) की टीम बाहर हो गई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार के अर्धशतक और अंत में नमन धीर (नाबाद 24 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 21 गेंद में उनकी नाबाद 57 रन की साझेदारी से धीमी पिच पर पांच विकेट पर 180 रन बनाने में सफल रही।




दिल्ली कैपिटल्स ने पावरप्ले में 49 रन के स्कोर तक तीन विकेट गंवा दिए थे और पूरी टीम 18.2 ओवर में 121 रन पर सिमट गई। मुंबई इंडियंस के लिए स्पिनर सैंटनर ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन जबकि तेज गेंदबाज बुमराह ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, विल जैक्स और कर्ण शर्मा ने एक एक विकेट प्राप्त किए। दिल्ली ने दूसरे ओवर में कार्यवाहक कप्तान फाफ डुप्लेसी (06), तीसरे ओवर में केएल राहुल (11 रन) और पांचवें ओवर में अभिषेक पोरेल (06) के विकेट सस्ते में गंवा दिए। फिर समीर रिज्वी (39) एक छोर पर टिककर खेले लेकिन दूसरे छोर पर विप्रज निगम (20) और ट्रिस्टन स्टब्स (02) के आउट होने से टीम ने 10 ओवर में पांच विकेट खो दिए थे। 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर समीर भी पवेलियन लौट गए जिन्हें सैंटनर ने बोल्ड किया और दो गेंद बाद आशुतोष शर्मा (18 रन) भी स्टंप आउट हो गए। इससे पहले सूर्यकुमार ने 43 गेंद की बेहतरीन नाबाद पारी खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के जड़े थे। उनके अलावा तिलक वर्मा ने 27 रन और रेयान रिकलटन ने 25 रन का योगदान दिया। नमन ने अंत में आठ गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के से नाबाद 24 रन का योगदान दिया। वानखेड़े स्टेडियम की असामान्य पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न था।

### जीत से गुजरात की बादशाहत होगी मजबूत आज प्रतिष्ठा बचाने के लिए खेलेगा लखनऊ



**अहमदाबाद।** पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलेगी तो उसका इरादा जीत की लय को कायम रखते हुए शीर्ष दो में जगह पक्की करने का होगा। अब तक 12 मैचों में 18 अंक ले चुकी टाइटंस प्लेआफ में जगह बना चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के 17 अंक हैं और शीर्ष दो के लिए मुकाबला रोचक है। गुजरात ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाज आरेंज कैपधारी बी साइ सुदर्शन (617 रन), कप्तान शुभमन गिल (601) और जोस बटलर (500) शानदार फॉर्म में है और अधिकांश मैचों में टीम की जीत के सूत्रधार रहे हैं। तीनों मिलकर 16 अर्धशतक और एक शतक जमा चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के चलते मध्यक्रम को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी है। गुजरात के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया है। भारत के प्रसिद्ध कृष्णा सर्वाधिक 21 विकेट ले चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज और बी साइ किशोर को 15-15 विकेट मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के बाद निलंबन पूरा करके वापिस आ चुके हैं।

## चोटिल आर्चर वनडे श्रृंखला से बाहर, वुड टीम में शामिल



**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दाहिने अंगूठे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। टीम ने बुधवार को यह जानकारी दी। टीम ने कहा कि इंग्लैंड की मेडिकल टीम अगले दो सप्ताह में आर्चर की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगी जिससे कि यह निर्धारित किया जा सके कि वह कब मैदान पर वापसी कर सकते हैं। आर्चर की जगह ल्यूक वुड को टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला का पहला मैच 29 मई को एजबेस्टन में होगा। वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचाने के बाद से आर्चर कोहनी और पीठ की चोटों से जूझ रहे हैं। हालांकि इस साल राजस्थान रॉयल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी प्रतिबद्धताओं के अलावा आर्चर ने साल की शुरुआत से इंग्लैंड के 11 में से नौ सीमित ओवरों के मुकाबलों में हिस्सा लिया है। टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर होने के बाद रॉयल्स ने आईपीएल के अंतिम हिस्से के लिए इस स्टार तेज गेंदबाज को वापस नहीं बुलाने का फैसला किया।

### खबर संक्षेप

### सिमरनजीत कौर बनीं पेशेवर मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज सिमरनजीत कौर पेशेवर बनने वाले भारतीय मुक्केबाजों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं।एशियाई चैंपियनशिप की दो बार की पदक विजेता 29 साल की सिमरनजीत ने टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पूर्व अमेरिकी पेशेवर मुक्केबाज रॉय जोन्स जूनियर और भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा से अनुबंध करके पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ने का फैसला किया। मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 65 किग्रा वर्ग में उप विजेता रहीं सिमरनजीत इस साल पेशेवर बनने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है।

### अब ग्वालियर में होगी मध्यप्रदेश टी20 लीग

**ग्वालियर।** मानसून के आने की संभावना से मध्यप्रदेश टी20 लीग अब 27 मई से 12 जून को इंदौर की बजाय ग्वालियर में खेली जाएगी। इस सत्र के मुकाबले शंकरपुर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम पर होंगे। आयोजकों द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 'इंदौर में मानसून जल्दी आने की संभावना और इंडियन प्रीमियर लीग के देर से खत्म होने के कारण मध्यप्रदेश लीग अब इंदौर की बजाय ग्वालियर में होगी।'' ग्वालियर में पिछले साल पहला सत्र भी खेला गया था।



### आईपीएल ने बदल दी मेरी जिंदगी : निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला विपराज निगम का मानना है कि आईपीएल से उनके जीवन में काफी बदलाव आए हैं। बीस वर्ष के निगम को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा था। उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है। निगम ने कहा, 'जीवन में कई बदलाव आए हैं । आईपीएल से चीजें बदल जाती है। आपको इतने बड़े सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलता है।



मलेशिया मास्टर्स

## प्रणय, करुणाकरन और श्रीकांत का जीत से आगाज, सिंधू बाहर



एजेंसी ▶▶| कुआलालम्पुर

भारत के एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत समेत पुरुष खिलाड़ियों ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर हो गई।

प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। वहीं सतीश करुणाकरन ने चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन को 21-13, 21-14 से मात दी। भारत के आयुष शेट्टी ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बाद में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने चीन के छठी रैंकिंग वाले लू गुआंग को 21-21, 13-21, 21-11 से हराया।

सिंधू का खराब फॉर्म हालांकि जारी रहा और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन थुए लिन्ह से 11-21, 21-14, 15-21 से हार गई।

### मिश्रित में ध्रुव और तनीषा जीते

मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंडाह काहया सारी जमील को 21-18, 15-21, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जियांग झेंग बांग और वेइ याशिन ने 21-10, 21-12 से हराया। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाड्डे को चौथी वरीयता प्राप्त चीन की गुओ शिन वा और चेन फांग हुइ ने 21-10, 21-14 से मात दी। करुणाकरन और आद्या वरियाथ को इंडोनेशिया के वेरेल युस्तिन मूलिया और लीसा कुसुमवती ने 21-15, 21-16 से हराया।



### हम सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे : फ्लेमिंग


**नई दिल्ली।** आईपीएल के इस सत्र में टीम के शर्मनाक प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि वे तालिका में सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई को मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट से हराया। फ्लेमिंग ने कहा, 'हम नीचे रहना पसंद नहीं करते। हम अच्छा खेलना चाहते थे। हमारा लक्ष्य आखिरी दो मैचों में बेहतर प्रदर्शन था। लेकिन अब एक ही रह गया है। शायद हम इस बार सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे क्योंकि हमने ऐसी ही क्रिकेट खेली है। इससे बचा नहीं जा सकता।'



## कनक ने जूनियर विश्व कप में जीता एयर पिस्टल का स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा की उभरती हुई निशानेबाज कनक ने बुधवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शीर्ष पर रहकर भारत का स्वर्ण पदक का खाता खोला।



पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता 17 वर्षीय कनक ने आठ महिलाओं के 24 शॉट के फाइनल में 239.0 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपियन तथा मौजूदा यूरोपीय चैंपियन मोल्दोवा की अन्ना डुल्स को 1.7 अंक से पछाड़ा। चीनी ताइपे की चेन येन-चिंग ने कांस्य पदक जीता। भारत की दो भारतीय निशानेबाजों ने इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था जिसमें प्राची 571 अंक जुटाकर कनक (572 अंक) के पीछे पांचवें स्थान पर रहीं। इसके बाद कनक ने इस स्तर पर अपना अनुभव दिखाया और फाइनल के अंतिम चरण कई मौकों पर 10 से अधिक अंक जुटाकर आसानी से जीत हासिल की।

मैच के बाद कनक ने कहा, ''शुरुआत में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाई।'

### चार देशों को चुनौती देगी भारतीय महिला हॉकी टीम




**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के लिए अर्जेंटीना रवाना हो गई जहां रोसारियो में 25 मई से दो जून तक यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। इस साल चिली में एफआईएच जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें खेलेंगी। भारत को हर टीम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। तुषार खांडेकर की कोचिंग में भारतीय टीम की कमान निधि के हाथ में होगी जबकि हीना बानो उपकप्तान होंगी। पहले दौर में भारत 25 मई को चिली से, 26 मई को उरुग्वे और 28 मई को अर्जेंटीना से खेलेगा।

### निचली रैंकिंग के खिलाड़ी जुरिज रोदियोनोव से 2-6, 4-6 से हारे

# भारत के शीर्ष खिलाड़ी नागल फ्रेंच ओपन क्वालीफाइंग से बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन एकल क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में निचली रैंकिंग के खिलाड़ी जुरिज रोदियोनोव से 2-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गए। नागल (170वीं रैंकिंग) रोलां गैरां में 225वीं रैंकिंग के ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी से एक घंटे 29 मिनट में पराजित हो गए। इस भारतीय खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में अमेरिका के मिशेल क्रुगर को हराया था। नागल ने 2024 में चारों ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लिया था लेकिन इस साल अब वह फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में नहीं खेल पाएंगे। पहला सेट हारने के बाद वह दूसरे में 2-4 से पिछड़ रहे थे। पर सातवें गेम में उन्हें वापसी का मौका मिला और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाया। अगले गेम में वह फिर पिछड़ गए जिसमें उन्होंने पहले दो अंक गंवा दिए जिससे स्कोर 0-30 हो गया। लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए इसे 4-4 कर दिया। पर 10वें गेम में वह सर्विस गंवा बैठे और मैच से बाहर हो गए।



### युकी-गैलोवे की जोड़ी जिनेवा ओपन से बाहर



**जिनेवा।** भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे की दूसरी वरीय जोड़ी को बुधवार को यहां जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में जैकब श्नेटर और मार्क वॉलनर की जर्मनी की जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत और अमेरिका की जोड़ी को 5,96,035 यूरो इनामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में गैरवरीय प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ 6-7 4-6 से हार झेलनी पड़ी है। क्ले कोर्ट के ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन से पहले यह आखिरी प्रतियोगिता है। युकी और गैलोवे को इस प्रदर्शन के लिए कुल 3,240 यूरो की इनामी राशि मिली।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं संपादक प्रहलाद तेली के लिए मुद्रक अनिल राठी द्वारा अनिल प्रिन्टर्स एण्ड ऑफसेट, 5/एफ-2, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं ऑफिस 957 वार्ड नंबर 24 धाकड़ मोहल्ला, शाहपुरा, भीलवाड़ा 311404 (राज.) से प्रकाशित। मो. नं. 9115108888, ई-मेल : kismatbhilwara@gmail.com (सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा होगा)